■ पौष शुक्ल - 8 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 20 ■ अंक - 164 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 07-01-2025 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

5 शहीद का बलिदान कौम को जिंदगी देता है : योगी आदित्यनाथ

6 डिजिटल होते बच्चों पर बढ़ते खतरे गंभीर चुनौती

## फर्स्ट टेक

### स्पैडेक्स डॉकिंग नौ जनवरी के लिए स्थगित

**बेंगलूरु/भाषा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को कहा कि सात जनवरी को निर्धारित स्पैडेक्स उपग्रहों का डॉकिंग प्रयोग अब नौ जनवरी के लिए स्थगित कर दिया गया है। अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने कहा कि डॉकिंग प्रक्रिया को सोमवार को पहचाने गए एक 'अबोर्ट' (रद्दीकरण) परिदृश्य के आधार पर ग्राउंड सिमुलेशन के माध्यम से आगे के सत्यापन की आवश्यकता है। इसरो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सात जनवरी को निर्धारित स्पैडेक्स डॉकिंग को अब नौ जनवरी के लिए स्थगित कर दिया गया है। डॉकिंग प्रक्रिया को आज पहचाने गए एक 'अबोर्ट' परिदृश्य के आधार पर ग्राउंड सिमुलेशन के माध्यम से आगे के सत्यापन की आवश्यकता है।''

### तमिलनाडु के पुरातत्वस्थल से भी मिले सिंधु घाटी सभ्यता जैसे चिह्न

**चेन्नई/भाषा।** तमिलनाडु में प्राचीन पुरातात्विक स्थलों पर खुदाई के दौरान मिले करीब 90 प्रतिशत भित्तिचित्र चिह्न सिंधु घाटी सभ्यता के प्रतीकों से मिलते जुलते हैं। यह दावा तमिलनाडु पुरातत्व विभाग ने हालिया अध्ययन में किया है। भित्तिचित्रों के अलावा, पुरातत्वविदों को खुदाई के दौरान इंद्रगोप (कार्नेलियन) मनका, गोमेद, काले और लाल बर्तन तथा अन्य वस्तुएं भी मिलीं। विभाग के मुताबिक तुत्तुक्कुडी जिले के शिवगलाई स्थल पर खोजी गई मिट्टी से बना सूत कातने का उपकरण, धूम्रपान के लिए मिट्टी से बनी पाइप, कांच की चूड़ियां, शंख आदि सहित 700 से अधिक कलाकृतियां मिली हैं जो इस बात का संकेत देती हैं कि यह प्राचीन सभ्यता 3,200 साल से भी पहले अस्तित्व में थी। पुरातत्व स्थल पर पाए गए 120 दफन कलशों में से एक में धान का भूसा पाया गया जिसकी कार्बन डेटिंग करने पर साबित हुआ कि यह 3,200 साल पुराना है।

### रूस ने पूर्वी यूक्रेन में एक और शहर पर कब्जा करने का दावा किया

**कीव/एपी।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को दावा किया कि रूसी सैनिकों ने पूर्वी यूक्रेन में महीनों तक चली लड़ाई के बाद महत्वपूर्ण शहर कुराखोव पर कब्जा कर लिया है। कुराखोव पूर्वी सीमा रेखा पर यूक्रेनी सेना के लिए एक महत्वपूर्ण गढ़ है। इसमें एक औद्योगिक क्षेत्र और एक ताप विद्युत संयंत्र है। यह पूर्वी और दक्षिणी यूक्रेन को जोड़ने वाले राजमार्ग पर स्थित है। रूस-यूक्रेन युद्ध के लगभग तीन साल पूरे होने के बीच रूस ने यह दावा किया है। हालांकि, इस दावे को लेकर कीव की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

| 07-01-2025 | 08-01-2025 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:08 बजे | सूर्योदय 6:44 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 77,964.99 | 23,616.05 |
| (-1,258.12) | (-388.70) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 8,014 रु. | 91,295 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |



# वह समय दूर नहीं जब भारत में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी : मोदी

**■ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नए जम्मू रेलवे डिवीजन के उद्घाटन सहित रेल से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का प्रधानमंत्री मोदी ने लोकार्पण और शिलान्यास किया**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देशभर से हाई स्पीड ट्रेनों की 'बढ़ती' मांग और अपनी सरकार के तहत रेल के क्षेत्र में हुए 'ऐतिहासिक बदलाव' को रेखांकित करते हुए कहा कि वह समय दूर नहीं जब भारत में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नए जम्मू रेलवे डिवीजन के उद्घाटन सहित रेल से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में मोदी ने यह भी कहा कि पिछले दशक में रेलवे में 'ऐतिहासिक बदलाव' हुए हैं।

इस दौरान मोदी ने तेलंगाना में चारलापल्ली नए टर्मिनल स्टेशन का भी उद्घाटन किया और पूर्वी तटीय रेलवे के रायगडा रेलवे डिवीजन भवन की आधारशिला रखी। उन्होंने हाल ही में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन के परीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि 50 से अधिक मार्गों पर 136 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। उन्होंने कहा, ''वह समय दूर नहीं जब भारत में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।''

पिछले कुछ दिनों में कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत किए जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने नए साल में संपर्क के मामले में भी तेज रफ्तार बनाए रखी है।

उन्होंने कहा, ''मैंने कल दिल्ली-एनसीआर में 'नमो भारत' ट्रेन का शानदार अनुभव लिया और दिल्ली मेट्रो की अहम परियोजनाओं की शुरुआत की। कल भारत ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हमारे देश में अब मेट्रो नेटवर्क एक हजार किलोमीटर से ज्यादा का हो गया है।''

मोदी ने कहा कि बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण, यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान करना, देश के सभी हिस्सों में संपर्क को बढ़ावा देना और रोजगार व उद्योग को समर्थन देना, रेल क्षेत्र में विकास के चार मानकों पर सरकार काम कर रही है।

# भारत में एचएमपीवी की दस्तक

## कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में पाए गए पांच मामले



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में सोमवार को पांच शिशुओं में 'ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस' (एचएमपीवी) संक्रमण की पुष्टि हुई, जो भारत में इस वायरस से संक्रमण के पहले दर्ज मामले हैं। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा कि वह श्वसन संबंधी बीमारियों में किसी भी संभावित वृद्धि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

एचएमपीवी वैश्विक स्तर पर श्वसन संबंधी बीमारी पैदा करने वाला वायरस है। हाल में चीन में इसके प्रकोप की खबरों ने दुनिया का ध्यान खींचा। यह एक वायरल रोगजनक है जो सभी आयु वर्ग के लोगों में श्वसन संक्रमण का कारण बनता है।

कर्नाटक, गुजरात और महाराष्ट्र की सरकारों ने आश्वस्त किया है कि घबराने की जरूरत नहीं है। वहीं दिल्ली सरकार ने राजधानी के सभी अस्पतालों को श्वसन संबंधी बीमारियों में संभावित वृद्धि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया।

देश में अब तक सामने आए एचएपीवी के तीन मामलों में से दो का पता भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा कर्नाटक में कई श्वसन वायरल रोगजनकों की नियमित निगरानी से चला।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि तीन महीने की बच्ची को ब्रोंकोन्यूमोनिया की शिकायत थी और उसे बेंगलूरु के बैपटिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसके एचएमपीवी से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। मंत्रालय के मुताबिक बच्ची को पहले ही छुट्टी दे दी गई है।

# 'एयरो इंडिया' में गरजेंगे वायुसेना के विमान, शौर्य से गूंजेगा आसमान

## शो का आयोजन 10 से 14 फरवरी तक होगा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** एशिया के सबसे बड़े एयरो शो 'एयरो इंडिया' का 15वां संस्करण 10 से 14 फरवरी तक बेंगलूरु के वायुसेना स्टेशन, यलहंका में आयोजित किया जाएगा। 'द रनवे टू ए बिलियन आपर्चुनिटीज़' थीम के साथ यह कार्यक्रम विदेशी और भारतीय फर्मों के बीच साझेदारी बनाने और स्वदेशीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए ग्लोबल वैल्यू चेन में नए अवसरों की खोज के लिए मंच उपलब्ध कराएगा। कार्यक्रम के पहले तीन दिन (10, 11 और 12 फरवरी) व्यावसायिक दिन होंगे, जबकि 13 और 14 फरवरी को सार्वजनिक दिनों के रूप में निर्धारित किया गया है, ताकि लोग शो देख सकें। इस कार्यक्रम में एयरोस्पेस क्षेत्र के सैन्य प्लेटफार्मों की एक बड़ी श्रृंखला के हवाई प्रदर्शन और स्टेटिक प्रदर्शनियां शामिल हैं।

इसमें उद्घाटन समारोह, रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की बैठक, मंथन स्टार्टअप कार्यक्रम, शानदार एयर शो, बड़ा प्रदर्शनी क्षेत्र और एयरोस्पेस कंपनियों का एक व्यापार मेला शामिल हैं। मित्र देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी की दिशा में बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए, 'भारत ब्रिज - अंतरराष्ट्रीय रक्षा और वैश्विक जुड़ाव के माध्यम से लचीलेपन का निर्माण' विषय पर रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

इसमें भू-राजनीतिक स्थितियों और पारस्परिक समृद्धि के मार्ग को समाहित किया जाएगा, जिसे सुरक्षा और विकास के साझा दृष्टिकोण वाले राष्ट्रों के बीच सहयोग के माध्यम से जोड़ा जा सकता है।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### दुश्मन कौन

भारत में रह गीत गा रहे,
परदेशों की शान के।
सगे नहीं जो रहे कभी भी,
अपने वतन महान के।
कभी नहीं रह पाए सच्चे,
जनमत और जबान के।
ऐसे टुच्चे ही तो सचमुच,
दुश्मन हिंदुस्तान के।।


अग्रवाल समाज कर्नाटक (रजि)
AGRAWAL SAMAJ KARNATAKA (Regd.)
Guru Punvaani
Fair Policy | Fair Property
Presents
AGRAWAL TRADE FAIR
WHERE BUSINESS MEETS OPPORTUNITIES
2 DAYS MEGA EVENT
11th & 12th JANUARY 2025
9 am to 6 pm
THE GRAND CASTLE, GATE NO.6, PALACE GROUNDS, BENGALURU
Free Entry for all
Chief Guest : PRAMODKUMAR AGRAWAL (IRS)
Principal Chief Commissioner : Central GST & Excise, Bengaluru.
EXCLUSIVE BENEFITS FOR STALL OWNERS
BUSINESS TALKS
MEET BUSINESS LEADERS
UNLOCK NEW OPPORTUNITIES
NETWORKING
MEMENTO FROM ATF
PARTICIPATION CERTIFICATE
LIVE PERFORMANCE OF DVP GROUP
ALL MAJOR BUSINESS AND COMMUNITY ASSOCIATION OFFICE BEARERS ARE INVITED
SAVE THE DATE
UNLIMITED FUN FOR OUR GUESTS
LIVE CONCERT
EXHIBITION
GAMES
FUN ACTIVITIES FOR KIDS
OPENING & CLOSING CEREMONY
BOOK YOUR STALL TODAY
300+ STALLS OF B2B, B2C, FOOD AND ENTERTAINMENT
EVENT ADVERTISED IN LEADING RADIO, NEWSPAPERS, HOARDINGS & SOCIAL MEDIA
PLATINUM SPONSOR — Shyam Lawns, KEYAHOMES
FIRST TIME IN BANGALORE
CO SPONSOR — VRKP TMT BARS, PRIDE
Diamond Sponsors : Koreweld, Baba Steels Suppliers
Gold Sponsors : INDIA GOLD TMT BARS, ABR, PRINCE, MANGALAM HDPE PIPES, PRIMEGOLD PURE STEEL (TMT)
PRESIDENT : SUBHASH BANSAL  SECRETARY : SATISH GOYAL (94480 78357)  TREASURER : ANKIT MODI (98861 06325)
FOR MORE INFORMATION: ROHIT KEDIA 99729 25515, NARESH GUPTA 98440 22268, SANJAY TAYAL 98440 55331, GANESH MITTAL 72062 76511, PRASHANT GOYAL 98807 36459



KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India
15th Among Indian Universities Ranked by NIRF, Govt. of India | A++ Grade Accredited by NAAC | Tier 1 | ABET | 257th | 55th | 4th | 92nd | IET
KIITEE 2025
Apply Now through KIIT Websites www.kiitee.ac.in/www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Online Test)
ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE
UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes [All 4 years Programmes are with Honors/Research]
B.Tech Programmes
• Civil • Construction Technology • Electrical • Electrical & Computer Science • Mechanical • Mechanical (Automobile) • Aerospace • Mechatronics • Electronics & Telecommunication Engineering • Electronics & Computer Science • Electronics & Electrical • Electronics (VLSI Design & Technology) • Chemical • Computer Science & Engineering (CSE) • CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning) • CSE (Artificial Intelligence) • CSE (Cyber Security) • CSE (Data Science) • CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology) • CSE (Internet of Things) • Information Technology • Computer Science & System • Computer Science & Communication
UG Programmes in other Disciplines
• B.Design (Automobile/ Graphic/Product) • B.Design (Fashion / Textile) • B.Tech & M.Tech Biotechnology (5yrs) • B.Tech (Lateral Entry) • B.Arch • BCA • BBA • B.Sc (Hospitality & Tourism) • Bachelor of Film & Television Production • Bachelor of Communication & Journalism • BA Economics • BA Sociology • BA English • BA Psychology • BA French • BA Spanish • BA Japanese • BA German • B.Com • B.Sc (Economics & Data Analytics) • B.Sc Computer Science • B.Sc Nursing • B.Pharma • D.Pharma
PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
• M.Tech • LLM (1yr) • MCA • M.Sc Biotechnology • M.Sc Applied Microbiology • M.Arch • Master of Communication & Journalism • Master in Urban & Regional Planning • Master in Yoga & Naturopathy • Master of Hospital Administration • Master of Public Health • M. Design (Interior) • M.Sc Computer Science • MA Economics • MA Sociology • MA English • MA Psychology • Master in Public Policy • M.Com • M.Sc Physics • M.Sc Chemistry • M.Sc Mathematics & Data Science • Master in Library & Information Sciences • Master in Physical Education & Sports • M.Sc Nursing • Integrated M.Tech & Ph.D • Ph.D
CAMPUS PLACEMENT 2024 HIGHLIGHTS
700+ Companies | 5585+ Job Offers | ₹53 LPA Highest Salary Offered
₹8.50 LPA Average CTC | 1500+ Paid Internships | 1000+ Students multiple Job offers
Director, Admissions : Admission Cell, Koel Campus, Po- KIIT, Bhubaneswar-751024, Odisha, India, Ph: 8080 735 735, Fax : 0674 - 2741465, Email: admission@kiit.ac.in, Website: www.kiitee.ac.in
KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.



# 'सही ब्रांडिंग रणनीति हमें प्रतिस्पर्धा में अलग पहचान दिलाती है'

## जीतो नॉर्थ चैप्टर ने आयोजित किया 'बिग ब्रांड सूत्र' कार्यक्रम


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जीतो नॉर्थ चैप्टर के तत्वावधान में एक होटल में 'बिग ब्रांड सूत्र' कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें ब्रांडिंग विशेषज्ञ हिमाद्री शैलेंद्र सिन्हा उपस्थित हुए। जीतो नॉर्थ चैप्टर के चेयरमैन विमल कटारिया, महामंत्री विजय सिंघवी और पूरी टीम की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।

विमल कटारिया ने सभी का स्वगात किया।कार्यक्रम में पर्सनल ब्रांडिंग, बिजनेस ब्रांडिंग और प्रोफेशनल ब्रांडिंग के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। मुख्य वक्ता हिमाद्री शैलेंद्र सिन्हा ने कहा कि आज के समय में ब्रांडिंग केवल कंपनियों तक सीमित नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति का अपना व्यक्तिगत ब्रांड होता है। सही ब्रांडिंग रणनीति हमें प्रतिस्पर्धा में अलग पहचान दिलाती है और अवसरों के नए द्वार खोलती है। पर्सनल, बिजनेस और प्रोफेशनल ब्रांडिंग के माध्यम से व्यक्ति अपने कैरियर और व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है।

चेयरमैन विमल कटारिया ने कहा कि बिग ब्रांड सूत्र' जीतो नॉर्थ चैप्टर के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। संचालन करते हुए विजय सिंघवी ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में खुद को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना आवश्यक है। संयोजक सतीश पोरवाल ने ब्रांडिंग के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि सह-संयोजक प्रमित बाफना ने आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस आयोजन में बड़ी संख्या में उद्योगपति, पेशेवर और युवा उद्यमियों ने भाग लिया। अंत में अशोक भंडारी ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में आगामी सत्रों में नए कार्यक्रमों की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम में जीतो पूर्व अध्यक्ष प्रकाशचंद सिंघवी, दिनेश बोहरा, जीतो अपैक्स मंत्री श्रीपाल बछावत, केकेजी जॉन महामंत्री दिलीप जैन, जयचंद बाफना, जेएलडब्लू अध्यक्षा लक्ष्मी बाफना सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# तेरापंथ धर्मसंघ के साधु साध्वियों का हुआ आध्यात्मिक मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रामनगर। शहर स्थित बीजीएस ब्लाइंड स्कूल में सोमवार को आचार्यश्री महाश्रमणजी के आज्ञानुवर्ती मुनिश्री मोहजीतकुमारजी एवं सुशिष्या साध्वीश्री उदितयशाजी का आध्यात्मिक मिलन हुआ। साध्वीश्री संगीतप्रभाजी,भव्ययशाजी एवं शिक्षाप्रभाजी ने मुनिश्री के स्वागत गीत गाया। साध्वीश्री भव्ययशाजी एवं साध्वीश्री शिक्षाप्रभाजी ने मुनिश्री मोहजीतकुमारज, भव्यमुनिजी एवं जयेशकुमारजी से आपसी संवाद किया। मुनि जयेशकुमारजी ने संस्कृत भाषा में अपनी प्रस्तुति दी। मंड्या सभा के अध्यक्ष सुरेश भंसाली ने सभी का स्वागत किया।

साध्वीश्री उदितयशाजी ने कन्नड़ भाषा में अपने विचार रखें। मुनिश्री मोहजीतकुमारजी ने साध्वीश्री की आगामी यात्रा की मंगल कामना देते हुए कहा कि मलनाड का क्षेत्र बहुत ही साताकारी है तथा श्रद्धा का अच्छा क्षेत्र है।

तेरापंथ सभा गांधीनगर के मंत्री विनोद छाजेड़ ने मुनिश्री से बेंगलूरु प्रवास में अधिक से अधिक गांधीनगर भवन में विराजने का निवेदन किया।

इस अवसर पर तेरापंथ सभा गांधीनगर अध्यक्ष पारसमल भंसाली, सभा पूर्व अध्यक्ष बहादुर सेठिया, गौतम कोठारी, सुरेश दक, तेयुप मंत्री राकेश चोरड़िया, राजाजीनगर सभा अध्यक्ष अशोक चौधरी,आरआर नगर सभा अध्यक्ष राकेश छाजेड़, मंड्या सभा के मंत्री विनोद भंसाली, तेजराज भंसाली सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे। मंड्या सभा मंत्री विनोद भंसाली ने धन्यवाद दिया।



# महिला सशक्तिकरण के लिए आरआर नगर में आयोजित हुई श्री उत्सव प्रदर्शनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ महिला मंडल आरआरनगर द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता व आत्मविश्वास को और पुष्ट करने के उद्देश्य से 'श्री उत्सव, एक कदम स्वावलंबन की ओर' प्रदर्शनी का आयोजन तेरापंथ भवन में किया। श्री उत्सव का उद्घाटन प्रायोजक उम्मेदमल, अजय, जय पटावरी परिवार द्वारा किया गया। अध्यक्ष सुमन पटवारी ने सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एफकेसीसीआई के अध्यक्ष एमजी बालकृष्णा व निदेशक पीएच राजपुरोहित का परिचय रश्मि बोथरा ने दिया। दोनों अतिथियों ने मंडल द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के इस प्रयास को भविष्य के लिए शुभ सूचक बताया।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की परामर्शक लता जैन, कार्यकारिणी सदस्य मधु कटारिया, वीणा बैद, पूर्व अध्यक्ष अध्यक्ष कंचन छाजेड़, सरोज बैद, लता बाफना ने संगठित श्रम की सराहना की। तेरापंथ सभा ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज डागा, सभा अध्यक्ष राकेश छाजेड़, युवक परिषद अध्यक्ष बिकास छाजेड़ ने अपने विचार व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में जीतो नॉर्थ विंग की अध्यक्ष लक्ष्मी बाफना, डॉक्टर मीरादेवी ने प्रदर्शनी में लगे डिजाइनर कुर्ती, साड़ी, बेडशीट, हस्त निर्मित वस्तुएं, टैरो कार्ड रीडिंग, कैनवस पेंटिंग, रियल एस्टेट, मंडाला आर्ट बच्चों के लिए खेल मेले स्टाल कुल 50 स्टालों का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर परीक्षण पैकेज पर 50% की छूट दी गई। प्रति घंटे लकी ड्रॉ का आयोजन किया गया। अभातेयुप के उपाध्यक्ष पवन मांडोत, बजरंग जैन, सुरक्षा मुणोत, विमल कटारिया, संजय बैद, बिंदु रायसोनी आदि ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। श्री उत्सव में सहयोग देने वाले सभी परिवारों का सम्मान किया गया। इस मेले की संयोजिका आशा लोढा एवं सह-संयोजिका श्वेता कोठारी ने व्यवस्था संभाली। स्टॉल बुकिंग में निशा छाजेड़ एवं दीपाली गोलछा ने सहयोग दिया। रुचिका पटावरी का पूर्ण सहयोग रहा। आशा लोढ़ा एवं श्वेता कोठारी ने संचालन किया। मंत्री पदमा महेर ने धन्यवाद दिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




**विजेता**

बेंगलूरु के आचार्य इंस्टीट्यूट क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित हुनर गोल्ड द्वारा प्रायोजित चैम्प सीजन 10 क्रिकेट प्रतियोगिता में कप्तान कमल पोरवाड़ के नेतृत्व में और अशोक लोकेश व अंकित गुगलिया के स्वामित्व वाली गुगलिया टाइटन्स टीम ने सिम्पली साइट चैंप 11टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। राजेश पोरवाड़ को टूर्नामिंट का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज पुरस्कार मिला।



# एनएफबी कर्नाटक ने सोल्लास मनाया विश्व ब्रेल दिवस व वार्षिकोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। नेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लाइंड कर्नाटक(एनएफबी) द्वारा शनिवार को कोंडज्ञा बासप्पा आडिटोरियम में राज्य स्तर पर विश्व ब्रेल दिवस तथा संस्था का 20वाँ वार्षिक समारोह सोल्लास मनाया गया। समारोह का उद्घाटन एनएफबी के अध्यक्ष नागराज, महासचिव गौतम अग्रवाल व मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यूटी खादर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित संसदीय कार्य एवं विधायी विभाग के सचिव श्रीधर, बेंगलूरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानन्द, विकलांगता कल्याण के निदेशक राघवेन्द्र टी आदि ने दीप प्रज्वलन किया।

अतिथियों ने दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए अपनी तरफ से हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। एनएफबी की सचिव गीताराम मोहन ने प्रमुख गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर संस्था की ओर से विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।



# जैन युवा संघ द्वारा बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जयनगर जैन युवा संघ द्वारा आयोजित बॉक्स क्रिकेट टूर्नामिंट 'राजधानी कप 2025' के रोमांचक मुकाबलों के बाद 'एज़िंग 100% क्रिकेटर टीम' ने फाइनल में महज़ 2 रन से खिताबी जीत हासिल की, वहीं खींवसरा स्टार्स टीम उपविजेता रही। इस आयोजन की सफलता में दीपचंद भंसाली, पारसमल, शांतिलाल, महेंद्र कुमार, सुशील सालेचा, संतोष बाई, गुमानचंद पदमचंद बोहरा, संतोष कुमार, श्रेयांश कुमार लोढ़ा, मीठालाल भरत भंसाली, दिलीपकुमार भंसाली, मानक बड़ेरा और भागचंद श्रीश्रीमाल आदि का सहयोग मिला। प्रतियोगिता में टीम मालिक सागरमल बाफना, महेंद्रकुमार गन्ना, शांतिलाल खींवसरा, सुरेश बोहरा, नितिन भंडारी, हिमांशु चौधरी, भागचंद श्रीश्रीमाल और माणक भंसाली का विशेष आभार व्यक्त किया।

टॉस की शुरुआत पंचकेसरी बड़ेरा ज्वेलर्स द्वारा प्रायोजित चाँदी के सिक्के से दीपचंद भंसाली एवं पदमचंद बोहरा द्वारा कराई गई। आयोजन संयोजक वर्धमान श्रीश्रीमाल और यश बाफना का विशेष सहयोग रहा। युवा अध्यक्ष अंकुर खींचा और युवा मंत्री गिरीश बोहरा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को धन्यवाद दिया।



# सामायिक फेस्टिवल में दिखी अध्यात्म और मैत्री की अनूठी झलक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के तत्वावधान में तेरापंथ युवक परिषद्, बेंगलूरु गांधीनगर द्वारा आयोजित विश्व मैत्री का अभिनव सामायिक फेस्टिवल का भव्य आयोजन रामनगर के श्री संकेश्वर पार्श्वनाथ धरणेन्द्र पद्मावती तीर्थ में हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधकों और समाजसेवियों ने भाग लिया। साध्वीश्री उदितयशा जी ने अपने प्रेरक प्रवचन में सामायिक को जीवन में समता और आत्मशुद्धि का अद्भुत साधन बताते हुए साधकों को मार्गदर्शन दिया। साध्वीश्री संगीतप्रभा जी ने त्रिपदी वंदना, सामायिक का पच्चखान, नमस्कार महामंत्र के पंच पदों पर ध्यान, अर्हम की ध्वनि, रेचन, कायगुप्ति, स्वाध्याय के अंतर्गत गीतिका का संगान किया एवं सामायिक की वेशभूषा के महत्व को समझाया। साध्वीश्री भव्ययशाजी और शिक्षाप्रभाजी ने समता की साधना का संगान किया और उसकी महिमा का वर्णन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासभा आंचलिक प्रभारी प्रकाश लोढ़ा, परिषद शाखा प्रभारी अमित दक ने अपने विचार साझा करते हुए तेरापंथ धर्मसंघ के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। सामायिक सत्र में 41 साधकों ने एक साथ बैठकर ध्यान और साधना की। तेयुप बेंगलूरु के अध्यक्ष विमल धारीवाल ने सभी का स्वागत किया। मंत्री राकेश चोरड़िया ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# 'भारत म्हारो देश' राजस्थानी गीत का ऑडियो-वीडियो रिलीज

## महेन्द्र मुणोत ने जन्मस्थान लाम्बिया में किया कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/पाली। राजस्थान पाली जिले के लाम्बिया गांव में संत गुलाराम आश्रम में आयोजित मेला सत्संग समारोह में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में बेंगलूरु के जाने माने समाजसेवी, गौभक्त व मारुति मेडिकल के प्रमुख महेन्द्र मुणोत द्वारा अभिनित व निर्मित भारत नाम सम्मान राजस्थानी गीत 'भारत म्हारो नाम' का आडियो रिलीज किया गया। मैं भारत हूं' फाउंडेशन द्वारा भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस गाने को पूरे देश में प्रसारित व प्रचारित किया जा रहा है। रिलीज के मौके पर गीत व फिल्म निर्माता महेंद्र मुणोत, संत सुरजन दास, पुखराज पटेल, पाली नगर निगम की पूर्व महापौर रेखा भाटी, संत गुलाराम आश्रम के अध्यक्ष मोहनलाल भायल आदि उपस्थित थे। ज्ञातव्य है कि मैं भारत हूं फाउंडेशन के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार बिजय कुमार जैन पिछले एक दशक से 'भारत को भारत ही बोले' जन जागृति अभियान चला रहे हैं। इस राजस्थान गीत लता हया की रचना, दिलीप सेन द्वारा संगीतबद्ध, विजयकुमार जैन की अवधारणा है। आनंद सिनेमा के बैनर तले बने इस गीत वीडियों में मुख्य भूमिका महेंद्र मुणोत एवं कोमल विवेक जैन ने निभाई है। इस गीत को पूरे देश में दर्शकों से भरपूर सराहना मिल रही है। लेखिका लाता हया ने ही इस गीत को राजस्थानी में अनुवादित किया तथा गायक दीपक एवं गायिका रेखा राव ने आवाज दी।



# गुरु सप्तमी पर निकला गुरुदेव राजेन्द्र का वरघोड़ा, हुआ गुणगान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। शहर के जैन मरुधर संघ के तत्वावधान दादा गुरुदेव राजेंद्रसूरीश्वरजी के जन्म-स्वर्गारोहण दिवस के उपलक्ष्य में मुनि परमयशविजयजी एवं साध्वीजी की निश्रा में वरघोड़ा निकाला गया। शांतिनाथ जिनालय से प्रारम्भ हुए वरघोड़े में सबसे आगे इंद्र ध्वज, गुरुदेव का फोटो, पालकी आदि शामिल थे। शांतिनाथ जिनालय में आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री ने दादा गुरुदेव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला।

दोपहर में मंदिर में गुरुपद पूजन एवं शाम को भक्ति का आयोजन किया गया। अरविंद गुरुजी द्वारा संगीत के साथ आरती की गई। सम्पूर्ण कार्यक्रम का लाभ सीतादेवी हस्तीमलजी सेठ परिवार ने लिया। संघ ने सेठ परिवार का सम्मान किया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष जयंतीलाल जैन, इंद्रमल जैन, चंपालाल जैन, जयंतीलाल सोलंकी, वीरचंद कांकरिया, कांतिलाल मालानी, परिषद अध्यक्ष शैलेष जैन, ललित मांडोत, संजय सेठ आदि उपस्थित थे।



# लिंगराजपुरम जैन संघ व युवक मंडल का हुआ गठन

## जीतेन्द्र बने संघ अध्यक्ष, महावीर बने मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के लिंगराजपुरम बडेर में लिंगराजपुरम जैन संघ नामक नए संघ का गठन किया गया। साथ ही लिंगराजपुरम युवक मंडल का भी नामकरण हुआ। इस मौके पर उपस्थित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में लिंगराजपुरम जैन संघ का चुनाव हुए जिसमें अध्यक्ष जीतेन्द्रकुमार छाजेड़, उपाध्यक्ष अशोककुमार भंसाली एवं गौतमचंद गादिया, मंत्री महावीरचंद लोढ़ा, सह मंत्री किरणराज भंडारी एवं हुक्मीचंद सुराणा एवम सुधीरकुमार सिंघवी, कोषाध्यक्ष ताराचंद श्रीश्रीमाल, सहकोषाध्यक्ष अशोककुमार मुथा को बनाया गया हैं।

वरिष्ठ सदस्य विमलचंद कांटेड़, राजेन्द्रकुमार सिंघवी, हीरालाल काटेड, गौतमचंद आच्छा को संघ का सलाहकार नियुक्त किया गया। एवं इसी दिन लिंगराजपुरम युवक मंडल का अध्यक्ष आशीष भंसाली, मंत्री राहुलकुमार कांटेड व कोषाध्यक्ष महावीर बाफ़ना को नियुक्त किया गया। सुधीर सिंघवी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर नए पदाधिकारियों व तपस्वियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम व मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया। अनिता गुलेच्छा ने उपस्थित सभी जनों को धन्यवाद दिया।

# प्रयागराज के लिए एकतरफा कुंभ मेला एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन

बेंगलूरु। दक्षिण पश्चिम रेलवे ने कुंभ मेला 2025 के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलूरु (एसएमवीटी) और प्रयागराज के बीच एकतरफा कुंभ मेला एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन (ट्रेन नंबर 06577) के संचालन की घोषणा की है।



ट्रेन नंबर 06577 एसएमवीटी बेंगलूरु-प्रयागराज एकतरफा कुंभ मेला एक्सप्रेस स्पेशल बुधवार, 8 जनवरी को 23:50 बजे बेंगलूरु से रवाना होगी और शुक्रवार, 10 जनवरी को 17:15 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। मार्ग में, ट्रेन व्हाइटफील्ड, बंगारपेट, जोलारपेट्टई, काटपडी, पेरम्बूर, गुडूर, विजयवाड़ा, वारंगल, बल्हारशाह, चंद्रपुर, सेवाग्राम, नागपुर, इटारसी, जबलपुर, सतना, और मानिकपुर स्टेशनों पर रूकेगी। इस ट्रेन में 20 कोच होंगे, जिनमें 14 सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच, 4 स्लीपर कोच और 2 लगेज सह ब्रेक वैन शामिल हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे संबंधित स्टेशनों पर आगमन और प्रस्थान के विस्तृत समय के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट जाएं या रेलवे हेल्पलाइन नं. 139 पर डायल करें।

# एचएमपीवी मामला: स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, घबराने की जरूरत नहीं



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने सोमवार को आश्वासन दिया कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) को लेकर चिंता करने की कोई बात नहीं है। बेंगलूरु में एचएमपीवी के दो मामले सामने आने के बाद राज्य सरकार ने यह बात कही। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार इन दोनों मरीजों का अंतरराष्ट्रीय यात्रा का कोई इतिहास नहीं हैं

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें घबराना चाहिए, क्योंकि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है। वायरस देश में पहले से ही मौजूद है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि यह भारत में एचएमपीवी का पहला मामला है, जो सच नहीं है क्योंकि एचएमपीवी वायरस देश में पहले से ही मौजूद है और कुछ प्रतिशत लोग इस वायरस से संक्रमित होते हैं तथा यह कोई नयी बात नहीं है। यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आठ महीने के शिशु का कोई यात्रा इतिहास नहीं है और वे (परिवार) स्थानीय निवासी हैं। वे चीन या किसी अन्य देश से नहीं आए हैं। इसलिए मुझे नहीं लगता कि इसका इससे कोई संबंध है।

मंत्री ने कहा कि चीन में एचएमपीवी के प्रकोप का कारण वायरस का एक नया स्वरूप है। उन्होंने कहा, हमारे पास पूरी जानकारी नहीं है और भारत सरकार ने अब तक हमें पूरी जानकारी नहीं दी है। शायद वे और अधिक जानकारी जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, ''... एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है, यह लंबे समय से मौजूद है। वायरस के संक्रमण से आमतौर पर सर्दी, फ्लू या खांसी जैसे सामान्य लक्षण पैदा होते हैं। यह ऐसा वायरल संक्रमण है जो बिना उपचार के कुछ दिनों में अपने आप ठीक हो जाता है। यह कुछ समय बाद खत्म हो जाता है। मुझे नहीं लगता कि हमें इसे पहला मामला कहना चाहिए।'' इससे पहले दिन में, स्वास्थ्य विभाग ने कहा था कि राज्य की राजधानी के एक निजी अस्पताल में आठ महीने के शिशु के एचएमपीवी से संक्रमित होने का मामला सामने आया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि नमूनों की जांच सरकारी प्रयोगशाला में नहीं की गई थी और संक्रमण की पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है।

राव ने कहा कि केंद्र सरकार चीन में स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रही है। किसी भी तरह की जांच की आवश्यकता के बारे में पूछे जाने पर मंत्री ने कहा कि इस पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम इस पर आंतरिक रूप से भी चर्चा कर रहे हैं। मैंने अपने अधिकारियों को आईसीएमआर और भारत सरकार के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया है। मैं आज किसी भी नयी जानकारी की समीक्षा करने और इस संबंध में तय किए जाने वाले अगले कदम को लेकर एक बैठक कर रहा हूं। उन्होंने कहा, इससे कोई गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता पैदा हो रही है या नहीं, सबसे पहले यह तय किया जाना चाहिए। क्या वास्तव में सार्वजनिक स्वास्थ्य को लेकर चिंता की बात है, क्योंकि सिर्फ एक मामला सामने आया है?

इस पर गौर किया जाना चाहिए। अगर आप सर्दी-जुकाम से पीड़ित किसी व्यक्ति की जांच करेंगे, तो उसमें कुछ वायरस होगा। उन्होंने कहा कि ''लोगों को सामान्य सावधानियां बरतनी चाहिए और सावधान रहना चाहिए, ... अगर लोग सावधान हैं, तो यह हमारे लिए बेहतर है। खासकर अगर आपमें लक्षण हैं तो अपने हाथ धोएं, कुछ दूरी बनाए रखें। ये चीजें पहले से ही जारी की गई सलाह में शामिल हैं।'' कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग ने चार जनवरी को कहा था कि कर्नाटक में एचएमपीवी से संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है।

आंध्र प्रदेश सरकार ने रविवार को इस संबंध में विज्ञप्ति जारी की थी। आंध्र प्रदेश की लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण निदेशक के. पद्मावती ने कहा कि यह वायरस कोविड-19 की तरह ही एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। यह मुख्य रूप से बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्तियों को प्रभावित करता है।

## बेंगलूरु में आठ महीने के शिशु के एचएमपीवी से संक्रमित होने की आशंका

बेंगलूरु। बेंगलूरु में आठ महीने के एक शिशु के ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) से संक्रमित होने की आशंका है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहर के एक निजी अस्पताल में यह मामला सामने आया है। सूत्रों ने बताया कि नमूने का अब तक प्रयोगशाला (सरकारी) में परीक्षण नहीं हुआ है तथा इसकी पुष्टि की प्रतीक्षा की जा रही है। कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग ने चार जनवरी को कहा था कि कर्नाटक में एचएमपीवी से संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है।






# दिल्ली में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा की

## महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देने का वादा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/बेंगलूरु। कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा की, जिसके तहत उसने सत्ता में आने पर राष्ट्रीय राजधानी की महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये की वित्तीय सहायता देने का वादा किया है। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने यहां दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में इस योजना का ऐलान किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव, दिल्ली प्रभारी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा, राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक तथा पार्टी के कई अन्य नेता मौजूद थे। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की यह पहली बड़ी घोषणा है। इससे पहले, सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पहले ही घोषणा कर चुकी है कि सत्ता में फिर से आने पर वह दिल्ली की महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपये की आर्थिक मदद देगी। दिल्ली में 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव अगले महीने होने की संभावना है।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर इसे कर्नाटक मॉडल की तर्ज पर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'प्यारी दीदी योजना' का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने वादा किया कि दिल्ली में कांग्रेस के सत्ता में आने पर नयी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में ही इसे लागू किया जाएगा।

शिवकुमार ने कहा, ''आज मैं यहां 'प्यारी दीदी योजना' की शुरुआत करने आया हूं। हमें विश्वास है कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनेगी और नए मंत्रिमंडल के पहले दिन हम राजधानी की प्रत्येक महिला को 2,500 रुपये देने की योजना लागू करेंगे।'' उन्होंने कहा, कांग्रेस की ताकत देश की ताकत है और कांग्रेस का इतिहास देश का इतिहास है। हम कामना करते हैं कि यह नया साल दिल्ली में बदलाव लाए। मुझे उम्मीद है कि आप सभी दिल्ली में कांग्रेस सरकार लाने में हमारी मदद करेंगे।''

काजी निजामुद्दीन ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की, समाज कल्याण और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी यह पहली गारंटी है। देवेंद्र यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में एक बहुरूपिया और ''सपनों का सौदागर'' सत्ता पर काबिज है, जो लगातार लोगों को सपने दिखा रहा है।



आरोग्य कार्ड को जारी करते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या।

## सिद्दरामय्या ने निजी अस्पतालों को दी चेतावनी

# परिवहन कर्मचारियों के चिकित्सा उपचार की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने सोमवार को निजी अस्पतालों को चेतावनी दी कि उन्हें हमारे राज्य सड़क परिवहन निगम के कर्मचारियों और उनके परिवारों को चिकित्सा उपचार प्रदान करने में लापरवाही और उदासीनता नहीं दिखानी चाहिए। कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम के कर्मचारियों और कर्मचारियों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य लाभ योजना का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि परिवहन कर्मचारी अपने काम से संगठन और निगम की आय बढ़ा रहे हैं और उनका स्वास्थ्य सरकार, संगठन और निगम की जिम्मेदारी है। परिवहन कर्मचारियों की चिकित्सा के लिए 275 निजी अस्पतालों से अनुबंध किया गया है।

अनुबंधित अस्पतालों की संख्या और बढ़ेगी, जहां कर्मचारी अपने ड्यूटी स्टेशन पर इलाज करा सकेंगे। यह एक बहुत ही सरल योजना है जहां कर्मचारी का परिवार उसी शहर में कैशलेस चिकित्सा उपचार प्राप्त कर सकता है जहां कर्मचारी का परिवार भी रहता है।

# स्पैडेक्स डॉकिंग नौ जनवरी के लिए स्थगित : इसरो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को कहा कि सात जनवरी को निर्धारित स्पैडेक्स उपग्रहों का डॉकिंग प्रयोग अब नौ जनवरी के लिए स्थगित कर दिया गया है। अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने कहा कि डॉकिंग प्रक्रिया को सोमवार को पहचाने गए एक 'अबोर्ट' (रद्दीकरण) परिदृश्य के आधार पर ग्राउंड सिमुलेशन के माध्यम से आगे के सत्यापन की आवश्यकता है।

इसरो ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सात जनवरी को निर्धारित स्पैडेक्स डॉकिंग को अब नौ जनवरी के लिए स्थगित कर दिया गया है। डॉकिंग प्रक्रिया को आज पहचाने गए एक 'अबोर्ट' परिदृश्य के आधार पर ग्राउंड सिमुलेशन के माध्यम से आगे के सत्यापन की आवश्यकता है। इसरो ने 30 दिसंबर को महत्वाकांक्षी स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) मिशन का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया था।

पीएसएलवी सी60 रॉकेट ने दो छोटे उपग्रहों, एसडीएक्स01 (चेजर) और एसडीएक्स02 (टारगेट) तथा 24 पेलोड को लेकर श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम लॉन्चपैड से उड़ान भरी थी। प्रक्षेपण के लगभग 15 मिनट बाद, लगभग 220 किलोग्राम वजन वाले दो छोटे अंतरिक्ष यान को 475 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा में छोड़ दिया गया था।

इसरो के अनुसार, स्पैडेक्स मिशन दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग के प्रदर्शन के लिए एक लागत प्रभावी प्रौद्योगिकी प्रदर्शन मिशन है, जिसे पीएसएलवी द्वारा लॉन्च किया गया था। यह प्रौद्योगिकी भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं जैसे कि चंद्रमा पर भारत, चंद्रमा से नमूना वापसी, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण और संचालन आदि के लिए आवश्यक है। अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रौद्योगिकी तब आवश्यक होती है, जब सामान्य मिशन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कई रॉकेट प्रक्षेपित करने की आवश्यकता होती है। इस मिशन के माध्यम से, भारत अंतरिक्ष डॉकिंग प्रौद्योगिकी रखने वाला दुनिया का चौथा देश बनने की ओर अग्रसर है।

# एचएमपीवी मामला: मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एहतियाती कदम उठाने को कहा

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के दो मामले सामने आने के बाद मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने सोमवार को कहा कि उन्होंने स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभागों को जरूरी एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

सिद्दरामय्या ने कहा, कर्नाटक में एचएमपीवी या चाइना वायरस संक्रमण की जानकारी मिली है। मैंने एहतियाती कदम उठाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है, मैंने स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव से भी बातचीत की है। हम - स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग - इसे नियंत्रित करने के लिए सभी एहतियाती कदम उठाएंगे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि दो बच्चों में संक्रमण का पता चला है। हालांकि यह कोई खतरनाक वायरस नहीं है, लेकिन एहतियाती कदम उठाए जाने की जरूरत है।''

मुख्यमंत्री ने कहा, स्वास्थ्य विभाग जो भी उपाय सुझाएगा, सरकार उन सभी का समर्थन करेगी। इससे पहले, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कर्नाटक में एचएमपीवी के दो मामलों की पुष्टि की है। मंत्रालय ने बताया कि तीन महीने की बच्ची को 'ब्रोंकोन्यूमोनिया' की शिकायत थी और उसे बेंगलूरु के बैपटिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके एचएमपीवी से संक्रमित होने का पता चला था। उसे पहले ही अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। 'ब्रोन्कोन्यूमोनिया' से पीड़ित आठ महीने के एक शिशु को तीन जनवरी को बैपटिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद जांच में उसके एचएमपीवी से संक्रमित होने का पता चला।





# केंद्रीय मंत्री ने आरवी रोड-बोम्मासंद्रा लाइन के लिए 'मेक इन इंडिया' मेट्रो ट्रेनसेट लॉन्च किया

## तेजस्वी सूर्या बेंगलूरु के मेट्रो मित्र हैं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शहर के मेट्रो नेटवर्क को चालू करने के लिए सांसद तेजस्वी सूर्या को बेंगलूरु का 'मेट्रो मित्र' कहा। कोलकाता के टीटागढ़ में येलो लाइन के लिए पहली घरेलू रूप से निर्मित ट्रेनसेट के लॉन्च पर वर्चुअली बोलते हुए, खट्टर ने शहर की सबसे महत्वपूर्ण मेट्रो परियोजनाओं पर काम करने में बेंगलूरु दक्षिण के सांसद के लगातार प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा: हमें टीमवर्क के माध्यम से आगे बढ़ना चाहिए। और जब वह टीम हमारे युवा सहयोगी 'तेजस्वी सूर्या जैसे लोगों से बनी हो' जो तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, तो निस्संदेह हमारा प्रयास सफल होगा। मैं अपने सांसद तेजस्वी सूर्याजी के बारे में कहना चाहूंगा कि जब वे कोई भी प्रयास करते हैं, तो वह बहुत दृढ़ संकल्प के साथ करते हैं। जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, वे बार-बार मुझसे यह जानने के लिए आए हैं कि बेंगलूरु में मेट्रो निर्माण में कैसे तेजी लाई जा सकती है और मैंने उन्हें आश्वासन दिया है कि मेट्रो से जुड़े सभी कामों में तेजी लाई जाएगी। बेंगलूरु में मेट्रो के कामों में तेजी लाने में उनके अद्वितीय योगदान के साथ, तेजस्वी सूर्या अकेले ही बेंगलूरु के मेट्रो-मित्र के रूप में उभरे हैं।

नम्मा मेट्रो की येलो लाइन आरवी रोड से बोम्मासंद्रा तक 18.8 किलोमीटर तक फैली है, जिसमें 16 स्टेशन हैं, जो बेंगलूरु साउथ के आईटीबीटी और औद्योगिक गलियारों को जोड़ते हैं। इसमें 3 इंटरचेंज स्टेशन (सिल्क बोर्ड, आरवी रोड और जयदेवा) शामिल हैं, जो मेट्रो की पिंक, ग्रीन और पर्पल लाइनों में निर्बाध स्थानांतरण को सक्षम करते हैं। एक बार चालू होने के बाद, इस लाइन से प्रतिदिन 2.5 लाख यात्रियों को सेवा मिलने की उम्मीद है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक सिटी और सिल्क बोर्ड जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भीड़भाड़ कम हो जाएगी। लॉन्च इवेंट के दौरान बोलते हुए, सूर्या ने कहा, 'आज नम्मा मेट्रो की येलो लाइन के संचालन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। येलो लाइन बेंगलूरु साउथ के आवासीय क्षेत्र के दिल को इलेक्ट्रॉनिक्स सिटी के आईटी हब से जोड़ती है। आज टीटागढ़ में निर्मित पहली ट्रेनसेट के शुरू होने के बाद, टीटागढ़ हर महीने 1 मेट्रो रेल देने के लिए तैयार है, और फिर इसकी गति बढ़ाकर 2 ट्रेनसेट प्रति महीने कर दी जाएगी।'

इस अवधि के दौरान सूर्या ने कई बाधाओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई हितधारक बैठकों और मंत्रिस्तरीय हस्तक्षेपों के माध्यम से, सूर्या ने मेट्रो ट्रेन के लिए कार बॉडी की शीघ्र आपूर्ति को सक्षम किया और मेट्रो रेक पर काम करने वाले चीनी इंजीनियरों के लिए आवश्यक वीजा मंजूरी भी प्राप्त की।

सूर्या ने टीसीएमएस के बीटा संस्करण को जनवरी 2024 तक वितरित करने के लिए CRRC और सॉफ्टवेयर प्रदाता मेल्को के बीच समन्वय भी किया, जो कि जून 2024 की समयसीमा से पहले है। ऐसे शहर में जहाँ 1.2 करोड़ वाहन प्रतिदिन सड़कों पर जाम लगाते हैं, येलो लाइन 2.5 लाख से अधिक यात्रियों को सेवा प्रदान कर सकती है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक सिटी और सिल्क बोर्ड जैसे महत्वपूर्ण गलियारों में भीड़भाड़ कम हो सकती है।

# अभिभाषण दिए बिना विधानसभा से बाहर आए तमिलनाडु के राज्यपाल

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि सोमवार को संविधान और राष्ट्रगान के 'अपमान' के कारण राज्य विधानसभा से चले गए और उन्होंने पारंपरिक अभिभाषण भी नहीं दिया। राज्यपाल के अभिभाषण शुरू करने से कुछ क्षण पहले ही मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक के सदस्य आसन के सामने आ गए और नारे लगाने लगे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष एम अप्पावु के निर्देश के बाद मार्शलों ने उन्हें सामूहिक रूप से बाहर निकाल दिया।

इसी बीच कांग्रेस के सदस्यों ने भी काले बैज पहनकर राज्यपाल के खिलाफ नारे लगाए। उसके बाद भाजपा और पीएमके के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। राज्यपाल कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि तमिलनाडु विधानसभा में एक बार फिर संविधान और राष्ट्रगान का अपमान किया गया।

पोस्ट में कहा गया है, राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे संविधान में निहित पहले मौलिक कर्तव्यों में से एक है। राज्यपाल के अभिभाषण के आरंभ और अंत में सभी राज्य विधानसभाओं में इसे गाया जाता है। आज राज्यपाल के सदन में आने पर केवल तमिल थाई वाझथु (राज्य गीत) गाया गया। राज्यपाल ने सदन को उसके संवैधानिक कर्तव्य की याद दिलाई और सदन के नेता माननीय मुख्यमंत्री और माननीय अध्यक्ष से राष्ट्रगान गाने की बार-बार अपील की। लेकिन उन्होंने अभद्रता से इनकार कर दिया।

राजभवन ने कहा, यह गंभीर चिंता का विषय है। संविधान और राष्ट्रगान के इस तरह के अपमान के कारण राज्यपाल क्षुब्ध होकर सदन से चले गए। सदन के नेता और वरिष्ठ मंत्री दुरैमुरुगन ने कहा कि राज्यपाल ने वही दोहराया है जो उन्होंने पिछले वर्षों में किया था।

## मुलाकात



बेंगलूरु में सोमवार को मैसूरु के सांसद यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वॉडियार ने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या से कावेरी आवास पर मुलाकात की और मैसूरु क्षेत्र के विकास पर चर्चा की। मैसूरु के प्रभारी मंत्री एचसी महादेवप्पा मौजूद रहे।

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
(निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग)
इसरो टेलिमेट्रि ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क (इस्ट्रैक)
प्लाट नं. 12 एवं 13, तीसरा मेन, द्वितीय फेज, पीण्या औद्योगिक क्षेत्र, बेंगलूरु-560058
फोन : 080-28094186, 4541 फैक्स : 080-28094180

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, समूह प्रमुख, इस्ट्रैक, इसरो पीण्या, बेंगलूरु-58 द्वारा समुचित वर्ग के ठेकेदरों से एनआईटी में निम्नलिखित कार्यो के लिए नग दर ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित किया जाता है। (फोन : 080-28094541,4186)

| | |
|---|---|
| एनआईटी सं | इस्ट्रैक/सीएमजी/ई/एमएआईएनटी/ईटीएन-67 2024-25 दिनांक 06.01.2025 |
| कार्य का नाम | आईएलएफ, इस्ट्रैक, लखनऊ में आपूर्ति किए गए सब एलटी पैनलों के साथ स्थापना और कमीशनिंग सहित पुराने पैनल को प्रतिस्थापित करना। |
| निविदा का अनुमानित मूल्य | रु. 11.14 लाख |
| निविदा दस्तावेज विवरण | ई-निविदा |
| कार्यादिश जारी होने के 15 दिन बाद की तिथि से गिनी जाने वाली कार्य समापन अवधि | चार (04) माह |
| निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि | 07.01.2025 को 16.00 बजे से 22.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण | 08.01.2025 को 11.00 बजे से 23.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| बोली स्पष्टीकरण के जवाब देने की अंतिम तारीख | 24.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय | 25.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की नियत तारीख और समय | 27.01.2025 को 11.00 बजे से |
| अग्रदाय रकम जमा (ईएमडी) | रु. 22,280.00 |

पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे के लिए इच्छुक निविदाकार विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (एनआईटी) देंखे जिसे वेबसाइट www.isro.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। बोली प्रपत्र औप अन्य ब्यौरे वेबसाइट www.tenderwizard.com/ISRO से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

ह/- समूह प्रमुख- सीएमजी



# सरकार के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने किए समझौते

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार की विभिन्न ढांचागत परियोजनाओं को ऋण मुहैया कराने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सोमवार को समझौते किए। सार्वजनिक क्षेत्र के दोनों बैंकों ने यहां राज्य सरकार के साथ ऋण वितरण संबंधी समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एमओयू के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा अगले छह वर्षों यानी 31 मार्च, 2030 तक सालाना 20,000 करोड़ रूपये का ऋण प्रदान करेगा। इसके अलावा बैंक ऑफ महाराष्ट्र भी प्रति वर्ष 10,000 करोड़ रूपये का ऋण उपलब्ध कराएगा।

यह धनराशि राजस्थान सरकार की विभिन्न परियोजनाओं, विशेषकर आधारभूत ढांचा क्षेत्र जैसे बिजली एवं नवीकरणीय ऊर्जा, सड़क, पेयजल और स्वच्छता के लिए उपयोग की जाएगी। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने अमृत कालखंड–'विकसित राजस्थान 2047' के तहत पांच वर्षों की कार्य योजना बनाकर 'सर्वजन हिताय' आधारित समावेशी विकास का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि इस कार्य योजना के तहत भविष्य के लिए 10 संकल्प निर्धारित किए गए हैं। इन संकल्पों में बुनियादी ढांचे का विकास और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 अरब डॉलर पर पहुंचाना भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ये हमारे लिए गर्व का विषय है कि बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र जैसे देश के प्रतिष्ठित बैंक अब राजस्थान की विकास यात्रा में भागीदार बनने जा रहे हैं। शर्मा ने कहा कि राज्य का आधारभूत ढांचा मजबूत करने की दिशा में इन दोनों बैंकों का यह सहयोग एक बड़ा कदम है और यह समझौता बुनियादी ढांचे की मजबूती में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा, आज की साझेदारी राज्य के विकास और जनकल्याण की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगी तथा विकसित भारत 2047 एवं विकसित राजस्थान 2047 की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री (वित्त) दीया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान के बुनियादी ढांचे में भारी निवेश की परिकल्पना के साथ कार्य कर रही हैं।

एमओयू पर हस्ताक्षर के समय मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) अखिल अरोड़ा, बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक देवदत्त चंद, कार्यकारी निदेशक ललित त्यागी और बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यकारी निदेशक रोहित ऋषि भी मौजूद थे।उपमुख्यमंत्री (वित्त) दीया कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच के अनुरूप राज्य सरकार प्रदेश के बुनियादी ढांचे में भारी निवेश की परिकल्पना के साथ कार्य कर रही हैं। दोनों बैंक के साथ सम्पन्न एमओयू राज्य के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने में भागीरथी प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस कदम से केंद्र और राज्य सरकार के जन हित के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा और विकसित राजस्थान का संकल्प साकार होगा। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव वित्त (बजट) देबाशीष पृष्टी, बैंक ऑफ बड़ौदा के एमडी एवं सीईओ देबदत्त चंद, कार्यकारी निदेशक ललित त्यागी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यकारी निदेशक रोहित ऋषि सहित दोनो बैंकों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सरकार ने सोशल मीडिया के लिए नव प्रसारक नीति जारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान सरकार ने सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार के लिए पहली बार सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर्स' के लिए नव प्रसारक नीति जारी की है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी इस नीति में नव प्रसारकों के लिए दो श्रणियां बनाई गई हैं। श्रेणी 'ए' में एक लाख से अधिक 'सब्सक्राइबर' अथवा 'फॉलोअर्स' वाले सोशल मीडिया 'इनफ्लुएंसर्स' को और श्रेणी 'बी' में न्यूनतम सात हजार से एक लाख तक 'सब्सक्राइबर' अथवा 'फॉलोअर्स' वाले सोशल मीडिया 'इनफ्लुएंसर्स' को रखा गया है। एक सरकारी बयान के अनुसार जिला स्तर पर प्रत्येक श्रेणी में एक–एक नव प्रसारक और संभाग स्तर पर श्रेणी 'ए' में दो एवं 'बी' में एक नव प्रसारक का चयन किया जाएगा।

नव प्रसारक 'फेसबुक', 'एक्स', 'इंस्टाग्राम' और 'यूट्यूब' में से अपने कम से कम दो सोशल मीडिया अकाउंट्स पर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और निर्णयों से संबंधित एक पोस्ट प्रतिदिन 'अपलोड' करेंगे। साथ ही, सरकार के विभिन्न सोशल मीडिया 'हैंडल्स' के पोस्ट्स को प्रतिदिन 'शेयर' अथवा 'री–पोस्ट' कर योजनाओं का प्रचार–प्रसार करेंगे। विभाग इन 'इन्फ्लुएंसरों' को विषय सामग्री निर्माण, वीडियो और ऑडियो संपादन, एसईओ, सोशल मीडिया प्रबंधन और ब्रांडिंग कौशल में प्रशिक्षण देकर सहायता करेगा।

बयान के अनुसार उन्हें इन कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अपने प्लेटफार्मों पर सरकारी सामग्री को साझा करने या फिर से पोस्ट करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। राजस्थान भर में कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देने में सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर्स' को शामिल करने के लिए राज्य बजट 2024–25 में नीति की घोषणा की गई थी।

# पीएनबी का एटीएम उखाड़ ले गए बदमाश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




श्रीगंगानगर। राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के राजियासर थाना क्षेत्र में पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को बोलेरो कैंफर में आये तीन–चार बदमाश उखाड़ कर ले गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार – सोमवार की रात करीब ढाई बजे की है। श्रीविजयनगर राजियासर मार्ग पर गांव बीरमाना में गांव में मेन रोड पर बैंक शाखा में लगी एटीएम के बाहर वाला शटर डाउन था। उस पर ताले लगे थे। मुंह ढंककर आये बदमाशों ने ताले तोड़े और केबिन में लगे सीसीटीवी कैमरों पर काले रंग का स्प्रे कर दिया। केबिन में दूसरी तरफ लगे एक कैमरे में एटीएम को लोहे की रॉड से उखाड़ने के दृश्य कैद हुये हैं। बदमाश करीब 15 मिनट में एटीएम को उखाड़ कर कैंफर गाड़ी में डालकर ले गये।

जानकारी के अनुसार एटीएम की सुरक्षा के लिये गार्ड नहीं था, लेकिन ई–सर्विलांस सिस्टम लगा हुआ है, जिसके जरिये बैंक के अधिकारियों और पुलिस को सूचना मिली। इसी दौरान ग्रामीणों को भी पता चल गया। उन्होंने बदमाशों का पीछा किया। दूसरी तरफ पुलिस ने बीरमाना गांव और इसके आसपास के सभी मार्गों पर नाकाबंदी करके वाहनों की जांच शुरू कर दी, लेकिन बदमाश पकड़ में नहीं आये।

सुबह होने पर आरडी 445–465 हेड के बीच एक खेत में लोगों ने एटीएम टूटी पड़ी देखी, तो पुलिस को सूचना दी। एटीएम खाली थी। बैंक सूत्रों के अनुसार एटीएम में छह लाख का कैश विगत शुक्रवार को डाला गया था। कल रात एटीएम को उखाड़े जाने के समय उसमें चार लाख 95 हजार 600 रुपये की नगदी थी। ग्रामीणों के अनुसार पिछले दो वर्षों के दौरान इस एटीएम को अज्ञात बदमाशों द्वारा दो बार उखाड़ने की कोशिश की गयी थी, इस बार बदमाश एटीएम उखाड़ ले जाने में सफल हो गये। पुलिस ने बैंक प्रबंधन की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एटीएम को उखाड़ ले जाने के आरोप में मामला दर्ज किया है।



# राज्य सरकार शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में कर रही उत्कृष्ट कार्य : मेघवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है, इसके कारण शहरी क्षेत्र में खुले आरोग्य मंदिरों का प्रत्यक्ष लाभ स्थानीय लोगों को मिल रहा है। मेघवाल सोमवार को सुभाषपुरा में शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारंभ करने के बाद सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन आरोग्य मंदिरों के माध्यम से आमजन को घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधायें मिलने लगी हैं।

उन्होंने कहा कि शर्मा ने अपने कार्यकाल के पहले वर्ष में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश सम्मेलन का आयोजन करवाया, जिसमें करीब 30 लाख करोड़ रुपये के करार किये गये। अगले चार वर्षों में ये सभी करार धरातल पर उतरेंगे, जिनका राज्य को प्रत्यक्ष लाभ होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में आम बजट 28 फरवरी को पेश किया जाता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस परम्परा को बदला और अब एक फरवरी को बजट पेश किया जाता है। इसे 31 मार्च तक पारित कर दिया जाता है, जिससे एक अप्रैल से बजट का क्रियान्वयन शुरू हो जाता है। मेघवाल ने कहा कि केंद्र सरकार 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की दिशा में कार्य कर रही है। सभी चुनाव एक साथ होने से विकास और सुशासन के लिये पर्याप्त समय मिलता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता ने बताया कि यह बीकानेर का 17वां शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर है। आने वाले समय में ऐसे सात और केंद्र खोले जायेंगे।

यहां चिकित्सक, फार्मासिस्ट, एएनएम, नर्सिंग स्टाफ सहित सात कार्मिकों की सेवायें मिलेंगी। यहां प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, मलेरिया डेंगू सर्विलेंस, निशुल्क दवा एवं जांच का लाभ मिलेगा। इससे पहले मेघवाल और विधायक सिद्धि कुमारी ने शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर का उद्घाटन किया। उन्होंने इसका अवलोकन किया और मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली।




# दीया कुमारी ने गुरु गोबिंद सिंह की ऐतिहासिक तलवार की पूजा-अर्चना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। सिक्खों के 10वें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आज उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में गुरु जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उन्होंने जयपुर के सिटी पैलेस में विराजमान गुरु जी की ऐतिहासिक तलवार की भी पूजा–अर्चना की। उन्होंने कहा गुरु गोबिंद सिंह जी का त्याग, बलिदान और शौर्य की गाथा हम सबको सदैव प्रेरित करती रहेंगी। इसके बाद शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर यह तलवार सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में आगंतुकों, पर्यटकों और आमजन के दर्शन के लिए रखी गई है।

गौरतलब है कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने कुछ समय नाहन (सिरमौर जिला, हिमाचल प्रदेश) में व्यतीत किया था। तब नाहन छोड़ते समय उन्होंने अपनी निजी तलवार तत्कालीन शासक को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की थी। राजमाता पद्मिनी देवी, जो कि नाहन से हैं, कुछ वर्ष पहले तलवार को जयपुर लेकर आई थीं।

# डंपर ने बाइक सवार दंपत्ति और दो बच्चों को कुचला, चारों की मौत

जयपुर। राजस्थान के जालोर जिले के सायला थाना क्षेत्र में रविवार शाम बजरी से भरे एक डंपर ने बाइक सवार दंपत्ति और उनके दो बच्चों को टक्कर मार दी, जिससे चारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थानाधिकारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि वे कोरा गांव जा रहे थे। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया। सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान उत्तम पुरी, उनकी पत्नी पिंटा देवी, बेटों राज और चिंटू के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि चारों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये सायला हॉस्पिटल की शवगृह में रखवाया गया है।




# पीड़ित मानवता की सेवा में फ्लोरेंस नाइटिंगेल का अमिट योगदान : खींवसर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश में नर्सेज एवं पैरामेडिकल स्टाफ के सभी रिक्त पदों पर जल्द से जल्द भर्ती हो और गांव–ढाणी तक बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हों। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में अल्पकाल में ही 20 हजार से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की गई है।

खींवसर सोमवार को राजस्थान नर्सिंग काउंसिल के परिसर में आधुनिक नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल की प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने काउंसिल परिसर में फ्लोरेंस नाइटिंगेल की प्रतिमा का अनवारण किया एवं पौधारोपण किया। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल पीड़ित मानवता की सेवा की प्रतिमूर्ति थीं।

इस क्षेत्र में उनका अमिट योगदान रहा है। उन्होंने न केवल रोगियों की सेवा की, बल्कि अस्पतालों में स्वच्छता और देखभाल के मानकों को भी बेहतर बनाया।

# सरकार आधारभूत ढाँचे को मज़बूत कर अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कटिबद्ध : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। वर्ष 2024 को राजस्थान के इतिहास में विकास वर्ष के रूप में जाना जायेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राजस्थान में एक ऐतिहासिक बजट पेश किया गया, जिसमें राज्य में आधारभूत ढांचे के विकास की महत्वकांक्षी परियोजनाओं को शामिल किया गया। ख़ास बात ये कि राज्य सरकार ने बजट में घोषित इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मजबूती से प्रयास किये औऱ यही कारण है कि सार्वजनिक निर्माण विभाग ने राज्य में बन रहे नौ ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवेज के लिए 30 करोड़ की लागत से डीपीआर बनाने का काम शुरू कर दिया है।

उन्होंने बताया कि राज्य में टोल कलेक्शन को पारदर्शी बनाने के लिए सभी टोल प्लाजा पर फास्ट–टेग अनिवार्य कर दिया गया है। इससे राज्य राज–मार्गों से होने वाली आय में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। दीया कुमारी ने कहा कि फास्ट–टेग से टोल कलेक्शन का फ़ैसला, राजस्थान में पीपीपी मोड पर आधारभूत ढाँचे के विकास में, एक दूरगामी फ़ैसला साबित होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुसार टेक्नोलोजी और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग की सेवा एप्प को लांच किया गया है, जिस पर आम नागरिक सड़कों की स्थिति के बारे में शिकायत अधिकारियों तक पहुँचा सकता है और उस पर त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सड़कों की स्थिती को सुधारने के लिए अधिकारियों को लगातार फील्ड में रहने के भी निर्देश दिये है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आधारभूत ढाँचे के विकास से अर्थव्यस्था की नसों को मज़बूत किया जा रहा है, जिससे शहरी औऱ ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोज़गार के भरपूर अवसर मिले और उद्योग धंधो के विकास के साथ साथ स्वरोजगार के अवसरों में भी उत्तरोत्तर वृद्धि हो। मेरा प्रयास रहा है कि स्थानीय अर्थव्यस्था में हस्तकारो, शिल्पकारों औऱ महिला उद्यमियों की भी समुचित भागीदारी हो।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में साल 2024 में राज्य में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए 14679 करोड़ रुपये के लागत से 20470 किलोमीटर सड़कों का विकास कार्य किया गया है, जिसमें से 8868 किमी नयी सड़कें है।



# शिक्षा का प्रसार पुण्य कार्य : राज्यपाल

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सोमवार को छत्रपति संभाजी नगर स्थित सृजन शैक्षणिक प्रतिष्ठान, बिडकीन के नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने दानदाताओं उद्यमियों का सम्मान भी किया। राज्यपाल बागडे ने कहा कि शिक्षा के लिए दिया दान सबसे बड़ा दान है। उन्होंने शिक्षा के प्रसार को पुण्य कर्म बताते हुए कहा कि जिस समाज में शिक्षा के अवसर बढ़ते हैं, वहीं विकास होता है। उन्होंने दानदाताओं को सम्मानित करते हुए शैक्षिक क्षेत्र में उनके अवदान को अनुकरणीय बताया। उन्होंने अवसर पर सृजन पुस्तिका का भी विमोचन किया। राज्यपाल ने छात्र छात्राओं को खूब पढ़ने और जीवन में आगे बढ़ने का भी आह्वान किया। राज्यपाल बागड़े ने सोमवार को छत्रपति संभाजी नगर के गनौरी गांव में भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप का भी लोकार्पण किया।

# एचएमपी वायरस सामान्य रोग, घबराने की आवश्यकता नहीं : गजेन्द्र सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि देश में कुछ राज्यों में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के कुछ केस सामने आए हैं, लेकिन इससे घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। खींवसर ने कहा कि चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार यह वायरस वर्ष 2001 से मौजूद है, लेकिन रोगियों पर इसका प्रभाव सामान्य रहा है। इस वायरस से मौत का कोई मामला और चिंताजनक स्थिति सामने नहीं आई है।

खींवसर ने कहा है कि प्रतिवर्ष की भांति सर्दी के मौसम को देखते हुए बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रोगों से ग्रसित व्यक्ति सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार आदि होने पर अस्पताल में चिकित्सक से परामर्श लें। उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सोमवार को इस वायरस के संबंध में सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें भी रपष्ट किया गया है कि यह वायरस घातक नहीं है। खांसी–जुकाम जैसे सामान्य लक्षणों के साथ सर्दी के मौसम में आमतौर पर कुछ केस इस वायरस के सामने आते रहे हैं, जिस कम में विगत कुछ माह में मार्च से दिसम्बर तक देशभर में 9 केस चिन्हित हुए हैं।

चिकित्सा मंत्री ने कहा है कि केंद्र सरकार के अनुसार एचएमपी वायरस का प्रसार वर्तमान में नगण्य है, लेकिन फिर भी एहतियात के तौर पर प्रदेशभर में चिकित्सा अधिकारियों को सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, जांच, उपचार सहित अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में इस वायरस की प्रमाणिक जांच के लिए 5 वीआरडीएल लैब एम्स जोधपुर, सवाई मानसिंह । अस्पताल जयपुर, आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर । एवं एसएन मेडिकल कॉलेज जोधपुर में उपलब्ध हैं। किसी भी अस्पताल में इस वायरस के लक्षणों से संबंधित गंभीर रोगी सामने आने पर इन लैब में जांच करवाई जा सकती है।

खींवसर ने कहा है कि कोई भी निजी अस्पताल किसी रोगी में इस वायरस के संभावित लक्षण पाए जाने पर प्रमाणिक जांच के लिए सैम्पल इन वीआरडीएल लैब में ही भिजवाएं। साथ ही, इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को भी सूचित करें।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड ने कहा कि डूंगरपुर का दो माह का एक बच्चा अहमदाबाद में उपचाराधीन है। प्री–मैच्योर डिलीवरी से जन्मे इस बच्चे में एचएमपी वायरस के लक्षण सामने आए हैं, लेकिन बच्चे की स्थिति वर्तमान में सामान्य है। सर्दी, खांसी–जुकाम से पीड़ित यह बच्चा उपचार के दौरान अहमदाबाद में निजी अस्पताल में 26 दिसम्बर को एचएमपीवी से पॉजिटिव पाया गया था, जिसका उपचार चल रहा है और वह फिलहाल ठीक है। राजस्थान में अभी तक इस वायरस का कोई केस सामने नहीं आया है।



## 'मंईयां सम्मान योजना': सोरेन ने झारखंड की 56 लाख से अधिक महिलाओं को 1,415 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए

**रांची/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 'मंईयां सम्मान योजना' के तहत 56.61 लाख महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में 1,415.44 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता सोमवार को हस्तांतरित की।

सोरेन ने नामकुम में एक समारोह के दौरान यह राशि हस्तांतरित की। यह राशि पिछले साल 28 दिसंबर को भेजी जानी थी, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद राष्ट्रीय शोक के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने कार्यक्रम में कहा, ''हम नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार हैं। दशकों तक शोषण झेलने वाला राज्य नई उड़ान भरने के लिए तैयार है।'' सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 'मंईयां सम्मान योजना' के तहत मिलने वाले मासिक मानदेय को 1,000 रुपए से बढ़ाकर 2,500 रुपए करने का दिसंबर 2024 में फैसला किया था। झारखंड में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को मिली जीत के लिए 'मंईयां सम्मान योजना' महत्वपूर्ण साबित हुई थी। पिछले वर्ष अगस्त में शुरू की गई इस योजना के तहत 18-50 वर्ष की महिलाओं को शुरुआत में 1,000 रुपए दिए गए थे। इससे लगभग 56 लाख महिलाओं को लाभ मिला था।

# शहीद का बलिदान कौम को जिंदगी देता है : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि शहीद का बलिदान कौम को जिंदगी देता है।



उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बयान में बताया कि 'होटल ताज' में एक मीडिया समूह द्वारा आयोजित 'शौर्य सम्मान-2025' कार्यक्रम में आदित्यनाथ ने 'आजादी का अमृत महोत्सव समारोह' के दौरान पेश किए गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला जिसका उद्देश्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलना है। उन्होंने पंच प्रण की महत्ता को दोहराया जिनमें औपनिवेशिक मानसिकता को खत्म करना, राष्ट्रीय नायकों पर गर्व करना और राष्ट्र की रक्षा करने वाले जवानों का सम्मान करना शामिल है। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों और उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने उन सैनिकों के प्रति कृतज्ञता जताई जो अत्यंत प्रतिकूल मौसम में तथा शून्य से 20 डिग्री सेल्सियस नीचे तक के तापमान में देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि देश और धर्म के लिए बलिदानों की लंबी श्रृंखला ने समाज को हमेशा नया जीवन दिया है। उन्होंने कहा, ''भारत माता के वीर सैनिक अपने कर्तव्य पर अडिग रहते हैं, दिन-रात सीमाओं की रक्षा करते हैं। पुलिस के जवान लगातार गश्त कर रहे हैं, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं और लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि अगर कोई समाज सेना, अर्धसैनिक बलों और पुलिस बल के जवानों के बलिदान का सम्मान नहीं करता या शहीदों के परिवारों की उपेक्षा करता है तो यह राष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करने में विफलता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ 1965 और 1971 के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिवारों को सम्मानित किया गया। आदित्यनाथ ने रेखांकित किया कि एक सभ्य समाज सुरक्षा के बिना अस्तित्व में नहीं रह सकता और सुरक्षा की पहली शर्त सुशासन है जैसा कि डॉ बी आर अंबेडकर के संवैधानिक सिद्धांतों में रेखांकित किया गया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करने वालों का सम्मान करना राष्ट्रीय जिम्मेदारी है।



## प्रधानमंत्री मोदी ने रायगड़ा रेल मंडल भवन की आधारशिला रखी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को ऑनलाइन माध्यम से ओडिशा में रायगड़ा रेल मंडल भवन की आधारशिला रखी। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह रायगड़ा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। ओडिशा के राज्यपाल कंभमपति हरि बाबू भुवनेश्वर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

आधारशिला रखने के बाद मोदी ने कहा कि रायगड़ा रेल मंडल ओडिशा में रेल संपर्क को मजबूत करेगा, खासकर दक्षिणी क्षेत्र में जहां राज्य के अधिकतर आदिवासी रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''यह रेल मंडल क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार और रोजगार को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा। ओडिशा में प्रचुर प्राकृतिक संसाधन और विशाल समुद्र तट है, तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए इसमें महत्वपूर्ण संभावनाएं हैं। राज्य में 70,000 करोड़ रुपए से अधिक की कई रेल परियोजनाएं जारी हैं। सात गति शक्ति कार्गो टर्मिनल की स्थापना भी की जा रही है, जिससे व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिल रहा है।'' ओडिशा में रायगड़ा रेल मंडल भवन की आधारशिला रखने से राज्य के रेलवे बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। मोदी ने कहा, ''इससे ओडिशा, आंध्र प्रदेश और आस-पास के इलाकों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी और समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास होगा।''

## एनडीआरएफ ने गंगा में डूब रहे एक ही परिवार के नौ सदस्यों को बचाया

**महाकुम्भ नगर/भाषा।** महाकुम्भ मेले के दौरान मेला क्षेत्र में तैनात राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के जवानों ने सोमवार को सतर्कता और कुशलता का शानदार उदाहरण पेश करते हुए गंगा नदी में डूब रहे एक ही परिवार के नौ सदस्यों को बचाया लिया। एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि बल के उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) मनोज कुमार शर्मा सोमवार को अरैल घाट का दौरा करने पहुंचे थे, तभी उन्होंने देखा कि नाव में सवार नौ लोग तेज धारा में अनियंत्रित होकर फंस गए थे और वे मदद के लिए शोर मचा रहे थे। उन्होंने बताया कि बीच धारा में फंसे लोगों की पुकार सुनकर शर्मा ने तुरंत एनडीआरएफ की टीम को नदी में उतरने और परिवार को सुरक्षित बचाने का निर्देश दिया। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद टीम ने गंगा नदी में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। नाव पर सवार लोग एक ही परिवार के सदस्य थे।

## असम के मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से कहा, अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को काम पर न रखें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को उद्योगपतियों से अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को 'सस्ते श्रम' के चलते काम पर न रखने का आग्रह किया। उन्होंने टाटा, अदाणी समूह और महिंद्रा सहित कॉरपोरेट घरानों के कई लोगों से मुलाकात के बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही।

शर्मा ने कहा कि ऐसे प्रवासियों को काम पर न रखकर बांग्लादेश से अवैध प्रवास की समस्या की जड़ पर प्रहार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय व्यवसायी बांग्लादेश से सस्ते मजदूर लाने के लिए बिचौलियों को काम पर रख रहे हैं, जहां कपड़ा इकाइयां बंद हो रही हैं। उन्होंने कहा, ''भारत में सस्ते मजदूर कौन लाता है? यह हमारा अपना उद्योग है।'' शर्मा ने कहा कि साधारण पूछताछ से पता चल जाएगा कि पड़ोसी देश में कपड़ा इकाइयों के बंद होने के बाद बांग्लादेशी श्रमिक भारत आ रहे हैं। यह पूछने पर कि क्या सप्ताहांत में उद्योग प्रमुखों के साथ उनकी बैठक के दौरान यह मुद्दा उठा, उन्होंने कहा कि ऐसे मुद्दे पर दोबारा जोर देने की कोई जरूरत नहीं, जिसपर असम 1979 से लड़ रहा है।

राज्य को उम्मीद है कि फरवरी में गुवाहाटी में आयोजित होने वाले 'एडवांटेज असम 2.0' निवेश शिखर सम्मेलन में केंद्र सरकार और उसके साथ संबद्ध संस्थाओं से एक लाख करोड़ रुपए के निवेश की प्रतिबद्धता मिल सकती है।

## 'ममता लोकप्रिय राजनीतिक दल बनाने में सफल रहीं, जो नेताजी भी नहीं कर सके'



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी एक लोकप्रिय राजनीतिक दल बनाने में सफल रहीं जो काम संसदीय राजनीति में नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी नहीं कर पाए थे। बोस ने 1939 में कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद 'ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक' का गठन किया था।

घोष ने रविवार को कहा, ''ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो नेताजी महत्वपूर्ण स्वतंत्रता सेनानी हैं, लेकिन पार्टी बनाने के बाद संसदीय राजनीति में असफल रहे।'' उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस छोड़ने के बाद किसी के लिए लोकप्रिय राजनीतिक दल बनाना दुर्लभ बात है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, संघर्ष करने की ममता बनर्जी की क्षमता को पहचानने में नाकाम रही। पार्टी नेतृत्व के साथ मतभेदों के बाद बनर्जी को 1997 में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया।

घोष ने कहा, ''लेकिन बंगाल के लोगों ने कांग्रेस से उनके निष्कासन को स्वीकार नहीं किया और इसीलिए उन्होंने उनकी पार्टी को उस मुकाम पर पहुंचाया जिसकी वह हकदार थी।'' घोष की यह टिप्पणी कांग्रेस की प्रदेश इकाई के पूर्व प्रदीप भट्टाचार्य के शनिवार के उस दावा के बाद आई जिसमें उन्होंने कहा था कि बनर्जी के निष्कासन ने पश्चिम बंगाल में पार्टी की स्थिति को कमजोर कर दिया।



## नीतीश ने राजग छोड़ने की संभावना से इनकार किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) छोड़ने की संभावना से सोमवार को इनकार करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ उनके संबंध बहुत पुराने हैं।

जनता दल (यूनाइटेड) (जद-यू) सुप्रीमो ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से हमेशा मिले समर्थन को याद किया और राष्ट्रीय जनता दल (राजद)-कांग्रेस गठबंधन के साथ अपने दो अल्पकालिक गठबंधनों को एक ''गलती'' करार दिया। कुमार ने वैशाली जिले में संवाददाताओं से कहा, ''यह आदरणीय अटल जी ही थे जिन्होंने मुझे केंद्रीय मंत्री बनाया। वह मुझ पर बहुत स्नेह बरसाते थे। मुझे अपने प्रस्तावों को मंजूरी दिलाने में कभी कोई कठिनाई नहीं हुई।'' उन्होंने राज्यव्यापी 'प्रगति यात्रा' के तहत वैशाली जिले का दौरा किया। राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे कुमार ने यह भी कहा कि जब राजग ने 2005 में बिहार में पहली बार विधानसभा चुनाव जीता था, तो वाजपेयी की इच्छा थी कि ''मैं मुख्यमंत्री बनूं।'' जद (यू) अध्यक्ष ने कहा, ''तो, मुझे क्यों नहीं (भाजपा के) साथ रहना चाहिए? मेरी पार्टी के लोगों ने एक-दो बार गलती की (कांग्रेस-राजद के साथ गठबंधन के लिए दबाव बनाकर)। मैंने दोनों बार इसे सुधारा।'' कुमार इन अटकलों के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे कि वह राजग छोड़ रहे हैं।

## 183 देशों के 33 लाख से ज्यादा लोगों ने खंगाली महाकुम्भ की वेबसाइट

**महाकुम्भ नगर/भाषा।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम प्रयागराज महाकुम्भ को लेकर भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लोगों में जिज्ञासा है जिसे शांत करने के लिए लोग इंटरनेट पर महाकुम्भ की वेबसाइट के जरिए इसके बारे में जानकारी हासिल कर रहे हैं।

महाकुम्भ की वेबसाइट संभाल रही तकनीकी टीम के एक प्रतिनिधि के अनुसार चार जनवरी, 2025 तक 183 देशों के 33 लाख से ज्यादा लोगों ने महाकुम्भ की वेबसाइट पर आकर इस विषय में जानकारी हासिल की है। इन देशों में यूरोप, अमेरिका व अफ्रीका समेत सभी महाद्वीप के लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी लोग भारत समेत पूरी दुनिया के 183 देशों से हैं तथा इन 183 देशों में 6,206 शहरों से इस वेबसाइट पर लोग आए हैं और उन्होंने यहां काफी समय भी बिताया है। तकनीकी टीम के प्रतिनिधि के मुताबिक, वेबसाइट पर आने वाले शीर्ष पांच देशों में पहले नंबर पर भारत है, जबकि इसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और जर्मनी से लाखों लोग प्रतिदिन इस वेबसाइट पर आकर महाकुम्भ के बारे में जानकारियां जुटा रहे हैं।

तकनीकी टीम के अनुसार छह अक्टूबर, 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस वेबसाइट का शुभारंभ किया था जिसके बाद से बड़ी संख्या में लोग इस वेबसाइट पर आ रहे हैं। महाकुम्भ के करीब आने के साथ इसे खंगालने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। टीम ने बताया कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार इस महाकुम्भ को 'डिजिटल महाकुम्भ' के रूप में प्रस्तुत कर रही है तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई डिजिटल मंच बनाए गए हैं और इसी में महाकुम्भ की आधिकारिक वेबसाइट भी है।

इस वेबसाइट पर श्रद्धालुओं के लिए महाकुम्भ से संबंधित सभी जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं। इसमें कुम्भ से जुड़ी परंपराओं, कुम्भ की महत्ता, आध्यात्मिक गुरुओं के साथ-साथ कुम्भ पर किए गए अध्ययन की विस्तृत जानकारियां दी गई हैं। यही नहीं, महाकुम्भ के दौरान प्रमुख आकर्षण, प्रमुख स्नान पर्व, क्या करें-क्या नहीं करें और कलाकृतियों को विस्तार से बताया गया है।




## दिल्ली में कांग्रेस ने की 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा, महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपए देने का वादा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा की, जिसके तहत उसने सत्ता में आने पर राष्ट्रीय राजधानी की महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपए की वित्तीय सहायता देने का वादा किया है।

कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने यहां दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में इस योजना का ऐलान किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव, दिल्ली प्रभारी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा, राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक तथा पार्टी के कई अन्य नेता मौजूद थे। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की यह पहली बड़ी घोषणा है। इससे पहले, सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पहले ही घोषणा कर चुकी है कि सत्ता में फिर से आने पर वह दिल्ली की महिलाओं को प्रति माह 2100 रुपए की आर्थिक मदद देगी।

दिल्ली में 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव अगले महीने होने की संभावना है। शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर इसे कर्नाटक मॉडल की तर्ज पर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'प्यारी दीदी योजना' का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने वादा किया कि दिल्ली में कांग्रेस के सत्ता में आने पर नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में ही इसे लागू किया जाएगा। शिवकुमार ने कहा, ''आज मैं यहां 'प्यारी दीदी योजना' की शुरुआत करने आया हूं। हमें विश्वास है कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनेगी और नए मंत्रिमंडल के पहले दिन हम राजधानी की प्रत्येक महिला को 2,500 रुपए देने की योजना लागू करेंगे।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस की ताकत देश की ताकत है और कांग्रेस का इतिहास देश का इतिहास है। हम कामना करते हैं कि यह नया साल दिल्ली में बदलाव लाए। मुझे उम्मीद है कि आप सभी दिल्ली में कांग्रेस सरकार लाने में हमारी मदद करेंगे।''

## असमः दिमा हसाओ में कोयला खदान में पानी घुसा, कई लोगों के फंसे होने की आशंका

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के दिमा हसाओ जिले में एक कोयला खदान में अचानक पानी भर जाने से कई श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना जिले के उमरांगसो के 3 किलो इलाके में स्थित असम कोयला खदान में हुई। खदान के कर्मियों के अनुसार, इसके अंदर 15 श्रमिक थे। हालांकि, अधिकारियों ने संख्या की पुष्टि नहीं की है।

मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''उमरांगसो से परेशान करने वाली खबर है, जहां श्रमिक कोयला खदान में फंस गए हैं। सटीक संख्या और स्थिति के बारे में अभी जानकारी नहीं है। जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक और मेरे सहयोगी कौशिक राय घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। सभी की सुरक्षा के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं।'' उन्होंने बताया कि बचाव अभियान के लिए सेना की मदद मांगी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) भी राहत और बचाव के प्रयास में सहायता के लिए घटना स्थल पर पहुंच रहे हैं।'' पुलिस अधीक्षक मयंक झा ने संवाददाताओं को बताया कि खदान में कई श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है।

## बीपीएससी परीक्षा विवादः जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर गिरफ्तार, जमानत लेने से किया इनकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना के गांधी मैदान में ''गैर-कानूनी तरीके'' से आमरण अनशन पर बैठे जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। जमानत लेने से इनकार करने के बाद अदालत ने उन्हें जेल भेज दिया।

किशोर ने जमानत शर्तों को अनुचित करार दिया। सैंतालीस वर्षीय किशोर ने कहा कि वह जेल में अपना आंदोलन जारी रखेंगे। उनके खिलाफ पिछले सप्ताह गांधी मैदान में आमरण अनशन शुरू करने के लिए मामला दर्ज किया गया था, जो पटना उच्च न्यायालय के उस आदेश का उल्लंघन है, जिसके तहत शहर के गर्दनी बाग इलाके के अलावा किसी अन्य स्थान पर इस तरह के किसी भी प्रदर्शन पर रोक है। किशोर की पार्टी से सक्रिय रूप से जुड़े वरिष्ठ वकील वाई वी गिरि ने कहा कि जमानत इस ''अनुचित'' शर्त के साथ दी गई कि किशोर को एक लिखित हलफनामा देना होगा।

# ऑस्ट्रेलिया में बहुत कुछ सीखा, हम और मजबूत होकर लौटेंगेः जायसवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया के अपने पहले दौरे को सीखने वाला अनुभव बताया और ऑस्ट्रेलिया से 1-3 से हारकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी गंवाने के बाद और मजबूत होकर लौटने का संकल्प लिया।



श्रृंखला में 43.44 की औसत से 391 रन बनाकर दूसरे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे 23 वर्षीय जायसवाल ने पर्थ टेस्ट में 161 रन की शानदार पारी खेली जिसने भारत की 295 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। जायसवाल ने दो अर्द्धशतक भी लगाए लेकिन भारत रविवार को सिडनी में पांचवां और अंतिम टेस्ट छह विकेट से हारने के बाद एक दशक में पहली बार ट्रॉफी बरकरार रखने में विफल रहा। जायसवाल ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा, ''मैंने ऑस्ट्रेलिया में बहुत कुछ सीखा... दुर्भाग्य से, परिणाम वह नहीं था जिसकी हमें उम्मीद थी लेकिन हम और मजबूत होकर लौटेंगे। आपका समर्थन ही सब कुछ है।'' इस हार ने भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को भी तोड़ दिया। अब फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने जायसवाल और नितीश कुमार रेड्डी जैसी युवा प्रतिभाओं का समर्थन किया है और ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत पर जोर दिया है जो अपने विकेट को सबसे ज्यादा अहमियत देते हैं। उन्होंने कहा, ''वे भारत और खुद के लिए नाम कमाने के भूखे हैं। ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है। आपको ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है जो अपने विकेट की रक्षा अपनी जान की तरह करें।''

# सुपरस्टार कल्चर से आगे नहीं बढ पा रही टीम, प्रदर्शन आधारित चयन हो : हरभजन सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने बीसीसीआई से टीम में 'सुपरस्टार क्लचर' खत्म करने और खिलाड़ियों का चयन साख पर नहीं बल्कि पूरी तरह से प्रदर्शन के आधार पर करने का अनुरोध किया है ।

एक दशक में पहली बार भारतीय टीम की आस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में हार के बाद हरभजन ने यह टिप्पणी की । उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा ,'' टीम में सुपरस्टार कल्चर बन गया है । हमें सुपरस्टार नहीं चाहिये, अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी चाहिये । टीम में अच्छे परफॉर्मर होंगे तो ही टीम आगे बढेगी । जो भी सुपरस्टार बनना चाहता है, वह घर में रहकर वहीं क्रिकेट खेले ।'' उन्होंने कहा ,'' अभी इंग्लैंड का दौरा आने वाला है । अब हर कोई बात करने वाला है कि उसमें क्या होगा , कौन टीम में रहेगा और कौन नहीं । मेरा मानना है कि यह सीधा मसला है । अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ही टीम में रहने चाहिये । आप साख के आधार पर टीम नहीं चुन सकते ।' हरभजन ने कहा ,'' अगर आप ऐसा करना चाहते हैं तो कपिल देव सर और अनिल भाई को भी ले जाइये । यहां बीसीसीआई और चयनकर्ताओं को सख्त होना होगा । सुपरस्टार तेवरों से टीम आगे नहीं जा सकती ।'' आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली खराब फॉर्म में थे । भारत ने हार के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेलने का मौका भी गंवा दिया ।

कोहली ने नौ पारियों में 190 रन बनाये और अक्सर स्लिप में कैच देकर आउट हुए । हरभजन ने कहा कि खराब फॉर्म से जूझ रहे क्रिकेटरों को किसी भी प्रारूप में खेलकर इंग्लैंड के टेस्ट दौरे के लिए अपनी उपयोगिता साबित करनी चाहिये । उन्होंने कहा ,'' टीम प्रदर्शन के आधार पर चुनी जाये । चाहे विराट कोहली हो, रोहित या कोई और । कोई खिलाड़ी टीम से बड़ा नहीं है भले ही उसे लगता हो कि वह बड़ा सुपरस्टार है।

## सुविचार

मन ही व्यक्ति को बांधता है, मन ही व्यक्ति को मुक्त करता है। जो भी पक्के दृ विश्वास से कहता है 'मैं बंधा हुआ नहीं हूँ, मैं मुक्त हूँ' वो मुक्त हो जाता है। वो मूर्ख है जो हमेशा रटता रहता है : 'मैं बंधन में हूँ, मैं बंधा हुआ हूँ', वो हमेशा वैसा ही रह जाता है।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ब्रिटेन : ग्रूमिंग गैंग पर चुप्पी क्यों?

टेक उद्योगपति एलन मस्क ने ब्रिटेन में बाल यौन शोषण की घटनाओं का मुद्दा उठाते हुए जिस तरह प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पर हमला बोला, उससे हंगामा होना तय था। मस्क यह जानते थे और उन्होंने ब्रिटिश समाज के उस पहलू को सामने लाने की कोशिश की है, जिसे आमतौर पर काफी छिपाया जाता है। यह सच है कि ब्रिटेन में ऐसे अपराधों को अंजाम देने वाले कई गिरोह मौजूद हैं, जिन्हें ग्रूमिंग गैंग के नाम से जाना जाता है। इनमें पाकिस्तान से आए पुरुषों की काफी बड़ी तादाद है। ब्रिटिश पुलिस और जांच एजेंसियां इस तथ्य से भलीभांति परिचित हैं, लेकिन खुलकर बोलने से बचती हैं। ब्रिटेन की पूर्व गृह मंत्री स्वेला ब्रेवरमैन ने पद पर रहते हुए यह मुद्दा उठाया था, जिससे पाकिस्तानी उन पर भड़क उठे थे। इसके बाद स्वेला की 'छुट्टी' कर दी गई, लेकिन बहुत लोगों ने उनके बयान की तारीफ की थी। ग्रूमिंग गैंग जैसी समस्याओं की जड़ें ब्रिटेन में काफी गहरी हैं। इस संबंध में मंत्री और सरकारी अधिकारी चुप्पी साधकर रखना ही बेहतर समझते हैं, चूंकि सबको अपनी 'नौकरी' प्रिय है। अलबत्ता घरों में लोग अपनी बेटियों को समझाने लगे हैं कि ब्रिटिश समाज उनके लिए पहले जैसा सुरक्षित नहीं रहा है। अगर वे किसी से 'दोस्ती' करती हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखने में कोई बुराई नहीं है, ताकि भविष्य में किसी बड़े नुकसान से बच जाएं। भारतीय मूल के कई परिवार भी ब्रिटेन में रहते हैं, इसलिए पाकिस्तानी ग्रूमिंग गैंग्स के बारे में हमें पता होना चाहिए। ये क्या हैं, इनका संचालन कैसे होता है, इनके इरादे क्या हैं, इनके पीछे कौनसे तत्त्व हैं ... जैसे कई सवालों पर खुलकर बात करने का समय आ गया है।

दरअसल पाक मूल के कई पुरुषों का ख्वाब होता है कि वे ब्रिटेन जाएं, वहां सभी सुख-सुविधाओं का उपभोग करें, ब्रिटेन में रहकर ज्यादा से ज्यादा अधिकारों की मांग करें, लेकिन कर्तव्यों से दूरी बनाए रखें और सामाजिक ताने-बाने को तहस-नहस करें। इसके पीछे पाकिस्तानी समाज की संकीर्ण सोच भी एक वजह है, जो विभिन्न माध्यमों से बचपन में ही लोगों के मन में भर दी जाती है। पाकिस्तानी माहौल में पला-बढ़ा और उसे दुनिया का बेहतरीन समाज समझने वाला शख्स जब ब्रिटेन जाता है तो अपनी सोच से मुक्त नहीं हो पाता, बल्कि कई लोग तो ब्रिटिश माहौल में रहकर और ज्यादा संकीर्ण मानसिकता से ग्रस्त हो जाते हैं। वे हमेशा ब्रिटिश समाज और सरकार की निंदा करते रहते हैं। यही नहीं, वे ब्रिटिश महिलाओं के परिधान और रहन-सहन पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हैं। वे जब कोई ऐसा काम करते हैं, जिसे नैतिक दृष्टि से उचित नहीं माना जाता और ब्रिटिश कानून भी उसकी इजाजत नहीं देता, लेकिन उससे अंग्रेजों को किसी भी तरह का नुकसान होता है तो उनके मन में कोई पछतावा नहीं होता। उन्हें लगता है कि ऐसा करने में कोई बुराई नहीं है। सोशल मीडिया पर कई पाकिस्तानी उपदेशकों के भाषण मौजूद हैं, जिनमें वे पाकिस्तानी पुरुषों को ऐसे कृत्य करने के लिए उकसाते हैं। ग्रूमिंग गैंग्स में शामिल कई पाकिस्तानी पुरुष अंग्रेज लड़कियों को ड्रग्स की लत लगाकर उनसे दुष्कर्म जैसे अपराधों में लिप्त पाए गए हैं। वे उन बच्चियों को साजिशन नशाखोरी की ओर धकेलते हैं। जब मामले का भंडाफोड़ होता है तो खुद को निर्दोष बताते हैं। कई पाकिस्तानी ऐसे पाए गए हैं, जिन्होंने ब्रिटेन में खुद को कुंआरा बताकर अंग्रेज युवती से शादी कर ली। जब नागरिकता समेत सभी दस्तावेज हाथ में आ गए और सरकारी सुविधाएं मिलने का रास्ता साफ हो गया तो पाकिस्तान जाकर अपनी बीवी को ले आए। कई पाकिस्तानियों ने अपने मुल्क में एक से ज्यादा शादियां कर रखी थीं। उन्होंने ब्रिटिश नागरिकता पाने के लिए अंग्रेज युवती से शादी का ढोंग किया, उसे अंधेरे में रखा। अब सोशल मीडिया के जमाने में उनके 'कारनामे' सामने आ रहे हैं तो स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वहीं, ब्रिटिश सरकार से वोटबैंक का मोह नहीं छूट रहा है। अब तो पाक मूल के कई यूट्यूबर इन ग्रूमिंग गैंग्स के खिलाफ आवाजें उठाते हुए ब्रिटिश सरकार को आड़े हाथों ले रहे हैं। अगर सरकार का रवैया न बदला और वह घटनाओं पर 'लीपापोती' ही करती रही तो भविष्य में हालात मुश्किल हो सकते हैं।

## ट्वीटर टॉक



जम्मू-कश्मीर, ओडिशा और तेलंगाना सहित देशभर में रेल कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में आज दोपहर करीब 12.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कई रेल परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास का सौभाग्य मिलेगा।

**-नरेन्द्र मोदी**



सिखों के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक महान योद्धा गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर विनम्र श्रद्धांजलि। धर्म और मानवता की रक्षा के लिए आतंकी शासकों से लोहा लेने वाले सरबंस दानी गुरु गोबिंद सिंह जी हमारे लिये एक प्रेरणास्रोत हैं!

**-वसुंधरा राजे**



राष्ट्रीय बीज निगम की भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के खुलासे से स्पष्ट है कि प्रदेश में नकल गिरोह के सामने मुख्यमंत्री भजनलाल जी के सारे दावे फेल साबित हुए हैं। इस परीक्षा में बड़े स्तर पर हुई धांधली को रोकने और निगरानी करने में पूरी तरह विफल रही है।

**-गोविंदसिंह डोटासरा**

## प्रेरक प्रसंग

# विवेक सम्मत सत्य

एक दिन सत्यतपा ऋषि वन में बैठे थे। अचानक एक वराह सामने से गुजरा और ओझल हो गया। पीछे-पीछे शिकारी पहुंच गया। उसने मुनि से पूछा, 'क्या तुमने वराह को जाते देखा है?' मुनि ने सोचा कि यदि वह सच बताता है, तो शिकारी वराह को मार देगा। यदि नहीं बताता, तो शिकारी का परिवार भूखा रह जाएगा। मुनि ने कहा, 'वराह को आंखों ने देखा है, पर वे बोल नहीं सकतीं। जिह्वा बोल सकती है, किंतु उसने वराह को देखा नहीं।' तभी मुनि ने देखा कि सामने शिकारी की जगह विष्णु और इंद्र खड़े हैं। उन्होंने कहा, 'मुनिवर, वास्तव में तुम सत्य-असत्य के रहस्य व उसके परिणाम को समझते हो। सत्य बोलते समय उसका परिणाम क्या होगा, यह विवेक ही उचित निर्णय ले सकता है।' सत्यतपा मुनि को आशीष देकर दोनों लौट गए।

## सामयिक

# डिजिटल होते बच्चों पर बढ़ते खतरे गंभीर चुनौती

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133



डिजिटल होते बच्चों पर बढ़ते खतरे चिन्ता का बड़ा कारण बन रहे हैं। बच्चों के स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं तो बढ़ ही रही हैं, बच्चे अलगाववादी, हिंसक एवं अस्वस्थ गतिहीन जीवनशैली के अंग बनते जा रहे हैं। छोटी अवस्था में बच्चे अधिक समय ऑनलाइन बिताने के कारण साइबरबुलिंग, ऑनलाइन शिकारियों और अन्य जोखिमों के शिकार भी हो रहे हैं। सोशल मीडिया बच्चों एवं युवाओं के संवाद का जैसे-जैसे अभिन्न माध्यम बन रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह के जोखिम एवं खतरे भी जुड़ते जा रहे हैं, जिनसे बच्चों एवं किशोरों को बचाने के लिये भारत में वर्ष 2023 में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट लाया गया, इस एक्ट के नियमों के तहत नाबालिगों के लिये सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिये माता-पिता या अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। निश्चित ही यह बच्चों पर बढ़ रहे खतरों से सुरक्षा देने के लिये एक प्रभावी एवं सराहनीय कदम है।

पांच वर्ष से अठारह वर्ष के बच्चों में मोबाइल, इंटरनेट एवं टेक्नोलॉजी एडिक्शन की लत बढ़ रही है, जिनमें स्मार्ट फोन, स्मार्ट वॉच, टैब, लैपटॉप आदि सभी शामिल हैं। यह समस्या केवल भारत की नहीं, बल्कि दुनिया के हर देश की है। ऐसे अनेक ऑनलाइन लत के शिकार रोगी बच्चें अस्पतालों में पहुंच रहे हैं, जिनमें इस लत के चलते बच्चे बुरी तरह तनावग्रस्त थे। कुछ दोस्त व परिवार से कट गए, कुछ तो ऐसे थे जो मोबाइल न देने पर पेरेंट्स पर हमला तक कर देते थे। बच्चे आज के समय में अपने आप को बहुत जल्दी ही अपनी उम्र से ज़्यादा बड़ा महसूस करने लगे हैं। अपने ऊपर किसी भी पाबंदी को बुरा समझते हैं, चाहे वह उनके हित में ही क्यों ना हो। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में दिल्ली के एक व्यक्ति ने डिजिटल माध्यमों की खामियों का लाभ उठाते हुए सात सौ से अधिक महिलाओं को स्नैपचैट का उपयोग करके ब्लैकमेल करने का प्रयास किया था। इसी तरह इंस्टाग्राम पर धमकाने के बाद ब्रिटेन में एक किशोर की दुखद आत्महत्या ने सोशल मीडिया के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की घातकता को उजागर किया।

इंटरनेट की यह आभासी दुनिया ना जाने और कितने मासूम व छोटे बच्चों को अपने जाल में फंसाएगी और उनका जीवन तबाह करेगी? बच्चों के इंटरनेट उपयोग पर निगरानी व उन्हें उसके उपयोग की सही दिशा दिखाना बेहद ज़रूरी है। यदि मोबाइल की स्क्रिन और अंगुलियों के बीच सिमटते बच्चों के बचपन को बचाना है, तो एक बार फिर से उन्हें मिट्टी से जुड़े खेल, दिन भर धमा-चौकड़ी मचाने वाले और शरारतों वाली बचपन की ओर ले जाना होगा। ऐसा करने से उन्हें भी खुशी मिलेगी और वे तथाकथित इंटरनेट से जुड़े खतरों से दूर होते चले जाएंगे। इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग की वजह से साइबर अपराधों की संख्या भी बढ़ रही है। हमारी सरकार एवं सुरक्षा एजेंसियां इन अपराधों से निपटने में विफल साबित हो रही हैं। आज के डिजिटल युग में, माता-पिता के पालन-पोषण का तरीका भी काफी हद तक बदल गया है। टेक्नोलॉजी के बढ़ते चलन और डिजिटल उपकरणों के व्यापक उपयोग के साथ, डिजिटल युग में बच्चों के पालन-पोषण में और ज्यादा सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

आभासी दुनिया के तिलिस्मी संसार के कारण जीवन में आ रहे बदलाव ने कई ज्वलंत एवं चुनौतीपूर्ण मुद्दों को सामने ला दिया है, जिनसे माता-पिता को जूझना पड़ता है, जिससे पालन-पोषण का कार्य और भी अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऑनलाइन सुरक्षा से लेकर स्क्रीन टाइम को प्रबंधित करने और लगातार विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य का हिस्सा बनने तक, माता-पिता के लिए खुद ही यह काफी नया सा है। खुद को जानकारी से लैस करके और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाकर, हम अपने बच्चों को जिम्मेदारी से डिजिटल दुनिया में सावधानीपूर्वक हिस्सा बनने के लिए सशक्त बनाते हुए उनके लिए एक स्वस्थ और संतुलित डिजिटल वातावरण बना सकते हैं। अपने बच्चों को तकनीक का उपयोग ऐसे तरीकों से करने में मदद करें जो रचनात्मकता और सीखने को बढ़ावा दें। उन्हें शैक्षिक ऐप तलाशने, डिजिटल कला बनाने या कोडिंग जैसे नए कौशल सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उन्हें तकनीक को सिर्फ़ मनोरंजन के बजाय विकास एवं ज्ञान अर्जन के साधन के रूप में देखने में मदद मिल सकती है। तकनीक के अच्छे और बुरे दोनों पक्षों को जानकर और स्पष्ट सीमाएँ निर्धारित करके, हम बच्चों को उनके स्क्रीन समय के साथ एक स्वस्थ संतुलन बनाने में मदद कर सकते हैं। इस तरह, वे बचपन की खुशियों का अनुभव करते हुए तकनीक के लाभों का आनंद ले सकते हैं, जिसमें बाहर खेलना, दोस्तों के साथ समय बिताना और अपने आस-पास की दुनिया की खोज करना शामिल है। मोबाइल एवं डिजिटल साइट पर कुल निर्भरता बढ़ गई है। लोग अपने फोन एवं इन्टरनेट का इस्तेमाल खाना खाते समय, लिविंग रूम में और यहां तक कि परिवार के साथ बैठकर उपयोग करते हैं। कम से कम अस्सी प्रतिशत स्मार्टफोन उपयोगकर्ता अपने फोन पर तब भी होते हैं, जब वे अपने बच्चों के साथ समय बिता रहे होते हैं और वे अपने बच्चों, परिवेश पर ध्यान नहीं देते हैं और जब उनके बच्चे उनसे कुछ पूछते हैं तो वे चिढ़ जाते हैं।

दरअसल, भारत सरकार के डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के नियम भी सोशल मीडिया कंपनियों को मजबूत उपायों के जरिये माता-पिता की सहमति से जवाबदेह बनाने का प्रयास ही है। जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों में भागेदारी में मार्गदर्शन करने का अधिकार मिल सके। इन नियमों को अधिक प्रभावी एवं कारगर बनाने में एआई संचालित आयु सत्यापन, डिजिटल साक्षरता कार्यशालाएं आयोजित करने और इसके साथ ही पारदर्शी शिकायत तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इन उपायों की नियमित निगरानी, हितधारकों की प्रतिक्रिया तथा वैश्विक मानकों के साथ तालमेल से इस ढांचे को प्रभावी बनाया जा सकेगा। निस्संदेह, इन नियमों के अनुपालन से भारत में बच्चों के लिये सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाने के साथ ही वैश्विक प्रयासों में योगदान दिया जा सकता है। पूरी दुनिया में 58 फीसदी किशोर टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्मों के दैनिक उपयोगकर्ता हैं, जो नुकसानदायक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। ऐसे वक्त में जब आज डिजिटल दुनिया से जुड़ाव अपरिहार्य है, बच्चों की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता बनाना न केवल एक जिम्मेदारी है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। बच्चों में बढ़ती ऑनलाइन गैमस की आदत भी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है, इसके घातक परिणाम भी सामने आ रहे हैं और लोगों के बीच इसे लेकर चिंता बढ़ रही हैं। इसलिये दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा था कि वह बच्चों को ऑनलाइन गेम की लत से बचाने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने पर गंभीरता से विचार करें। आज इंटरनेट का दायरा इतना असीमित है कि अगर उसमें सारी सकारात्मक उपयोग की सामग्री उपलब्ध हैं तो बेहद नुकसानदेह, आपराधिक और सोचने-समझने की प्रक्रिया को बाधित करने वाली गतिविधियां भी बहुतायत में मौजूद हैं। आवश्यक सलाह या निर्देश के अभाव में बच्चे ऑनलाइन गेम या दूसरी इंटरनेट गतिविधियों के तिलिस्मी दुनिया में एक बार जब उलझ जाते हैं तो उससे निकला मुश्किल हो जाता है। इस दिशा में स्थायी परिवर्तन के लिये माता-पिता, शिक्षक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के बीच बेहतर तालमेल बनाना वक्त की जरूरत है। एक और रणनीति यह है कि बच्चों को तकनीक का संयम से इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करें और इसे पढ़ने, बाहर खेलने और परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने जैसी अन्य गतिविधियों के साथ संतुलित करें। इस दिशा में निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसियों की सजगता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह एक गंभीर चुनौती है और इस चुनौती का गंभीरता के साथ सामना करने की जरूरत है।

## नजरिया

# क्या कनाडा के प्रधानमंत्री का इस्तीफा भारत के हित में होगा?

अशोक भाटिया
मोबाइल : 9221232130



**कनाडा सालों से विदेशी छात्रों के लिए लोकप्रिय मुकाम रहा है। ट्रूडो सरकार ने विदेशी छात्रों को दिए जाने वाले परमिट में भी कमी करती रही है। आने वाले सालों में स्टडी परमिट में 300,000 की कमी की जाएगी। अगले दो सालों में कनाडा सिर्फ करीब सवा चार लाख स्टडी परमिट देने वाला था।कनाडा के कॉलेजों में दाखिला लेने वाले हजारों विदेशी छात्रों को इस साल वीजा नहीं मिला है, जिसकी वजह से वे मौजूदा सेमेस्टर में पढ़ाई शुरू नहीं कर पाए हैं।**

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जल्द ही प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। उन्होंने इसे लेकर ऐलान कर दिया है।द ग्लोब एंड मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, नेशनल कॉकस की बुधवार को होने जा रही बैठक से पहले ट्रूडो लिबरल पार्टी के नेता के तौर पर इस्तीफा सौंप देंगे। पार्टी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि नेशनल कॉकस की बैठक में ट्रूडो को विद्रोह का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में ट्रूडो को लगा कि उन्हें कॉकस की बैठक से पहले इस्तीफे को लेकर बयान जारी करना चाहिए ताकि यह नहीं लगे कि उन्हें उनकी ही पार्टी के सांसदों ने बाहर कर दिया। सूत्रों का कहना है कि लिबरल पार्टी के कॉकस की बैठक में ट्रूडो को पार्टी नेता के पद से हटाया जा सकता था। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह (ट्रूडो) तत्काल ही पद से इस्तीफा देंगे या फिर नए नेता के चुनाव तक इस पद पर रहेंगे। सूत्रों ने बताया कि ट्रूडो ने वित्त मंत्री डॉमिनिक लीब्लैंक से चर्चा की थी क्या उन्हें पद पर बने रहना चाहिए या नहीं।बता दें कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से उन पर दबाव भी बहुत बढ़ गया था। ट्रंप उन पर लगातार निशाना साध रहे थे। एलॉन मस्क ने भी ट्रंप की जीत के तुरंत बाद कह दिया था कि अब ट्रूडो की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

गौर करने वाली बात यह है कि कनाडा में ट्रूडो की राजनीति खालिस रूप से भारत के खिलाफ रही है। ट्रूडो कनाडा की जमीन से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने वाले हार्डकोर खालिस्तानियों को चुपचाप न सिर्फ बर्दाश्त किया बल्कि वहां की पुलिस ने उन्हें कानूनी संरक्षण भी दिया। कनाडा में जब भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को आपत्तिजनक रूप में दिखाया गया तो वहां की पुलिस चुप रही। कनाडा में हिन्दुओं के मंदिरों पर हमले हुए तो भी वहां पुलिस चुप रही। विकसित देशों के कतार में शामिल ट्रूडो से ये उम्मीद की जा रही थी कि वे खालिस्तानियों के इन करतूतों की आलोचना करते और तुरंत अपनी पुलिस को इन पर एक्शन लेने को कहते। लेकिन वे चुप रहे और कुछ उग्रवादियों के वोट के लिए इन्हें शह देते रहे।ट्रूडो ने खुद स्वीकार किया है कि कनाडा में खालिस्तानी तत्व मौजूद हैं। हालांकि ट्रूडो ने यह कहकर उनके अपराध को कम करने की कोशिश की कि वे पूरे सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। ट्रूडो के इन कदमों से एक आम कनाडाई शहरी के मन अपने पीएम को लेकर विश्वास का ह्रास हुआ।

भारत से फरार आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की भूमिका बताकर ट्रूडो ने द्विपक्षीय संबंधों की मर्यादा ही खत्म कर दी। सितंबर 2023 में ट्रूडो ने जब कनाडा की संसद में कहा कि कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा तंत्र के पास यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि भारत सरकार के एजेंटों ने एक कनाडाई नागरिक की हत्या की है। ट्रूडो के आरोप से भारत सन्न रह गया। ट्रूडो के आरोपों के बाद 16-17 महीने गजुर गये हैं लेकिन अबतक कनाडा इस हत्याकांड में भारत की एजेंसियों के शामिल होने का कंक्रीट सबूत नहीं दे सका है। ट्रूडो के इन कदमों से कनाडा में उनकी लोकप्रियता घटती गई। एंगस रीड इंस्टीट्यूट (एआरआई) और एशिया पैसिफिक फाउंडेशन ऑफ कनाडा द्वारा किये गये सर्वे में कनाडा के 39 फीसदी नागरिक मानते हैं कि कनाडा अपने संबंधों को अच्छी तरह से प्रबंधित नहीं कर रहा है, जबकि 32 फीसदी लोगों का नजरिया इसके उलट है। वहीं, 29 फीसदी लोगों ने कहा कि वे कुछ कह नहीं सकते हैं। सर्वेक्षण में यह भी पाया गया कि 39 फीसदी कनाडाई मानते हैं कि जब तक ट्रूडो प्रधानमंत्री हैं, तब तक संबंधों में सुधार नहीं होगा। इस बीच ट्रूडो ने निज्जर का राग गाना नहीं छोड़ा। वो निज्जर जो भारत का वांछित आतंकवादी था और जिसने गलत तरीके से कनाडा की नागरिकता ली थी। इस वजह से दोनों देशों के रिश्ते बिगड़ते गए। हालात बिगड़ने पर दोनों देशों ने एक दूसरे के हाईकमान में अधिकारियों की संख्या कम कर दी। इसके बाद कनाडा ने छात्राओं और छात्रों को जारी किया जाने वाला फास्ट ट्रैक वीजा खत्म कर दिया। इससे भारतीय छात्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुए।

अमेरिकी चुनाव में ट्रंप की जीत ट्रूडो के लिए और भी बुरे दिन लेकर आई। जीत के बाद ट्रंप ने कहा था कि वे कनाडा पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप का बयान ट्रूडो के लिए झटके की तरह था। उन्होंने तुरंत अमेरिका की फ्लाइट पकड़ी और ट्रंप से मिलने चले गये। ट्रूडो ने गुपचुप ट्रंप से मुलाकात की, उनके साथ डिनर किया। लेकिन उनकी समस्याएं दूर नहीं हो रही थीं। ट्रंप ने ट्रूडो को फार-लेफ्ट लूनेटिक कह कर उनका मजाक भी बनाया था। इसके अलावा ट्रंप ने ट्रूडो को 'कनाडा के महान राज्य का गवर्नर' कहकर संबोधित किया। उन्होंने कनाडा को अमेरिका का '51वां राज्य' बनाने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे टैरिफ और व्यापार मुद्दों पर बातचीत आसान होगी। ट्रूडो के लिए दूसरा झटका ट्रंप के करीबी और दिग्गज बिजनेसमैन एलन मस्क से आया। एलन मस्क ने एक ट्वीट में कहा कि ट्रूडो अगला चुनाव हारने वाले हैं। उन्होंने कहा कि अगले चुनाव में इनकी विदाई तय है। एलन मस्क जैसे दिग्गज उद्योगपति के बयान से ट्रूडो की प्रतिष्ठा को गहरा झटका पहुंचा। ट्रूडो को ये चुनौतियां तो देश के बाहर मिल रही थीं इधर देश के अंदर विपक्ष लगातार उनपर हमलावर होता जा रहा था। 2021 के फेडरल चुनाव के बाद से, लिबरल्स को बाई इलेक्शन में लगातार हार मिली और संसद में उनकी संख्या घटती चली गई। इसमें टोरंटो में टोरंटो-सेंट पॉल और मॉन्ट्रियल में लासेल-एमार्ड-वर्डन जैसी सुरक्षित सीटों पर हार शामिल है। इस हार के बाद के महीनों में ट्रूडो के नेतृत्व को लेकर आंतरिक हताशा और असंतोष के बारे में लगातार कहानियां मीडिया में देखी गईं।

मालूम हो कि कनाडा की संसद हाउस ऑफ कॉमन्स में फिलहाल लिबरल पार्टी के 153 सांसद हैं। कनाडा के हाउस में कॉमन्स में 338 सीटें है। इसमें बहुमत का आंकड़ा 170 है। कुछ महीने पहले ट्रूडो सरकार की सहयोगी पार्टी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) ने अपना से समर्थन वापस ले लिया था। एनडीपी खालिस्तानी समर्थक कनाडाई सिख सांसद जगमीत सिंह की पार्टी है।ऐसे में गठबंधन टूटने की वजह से ट्रूडो सरकार अल्पमत में आ गई थी। हालांकि एक अक्टूबर को हुए बहुमत परीक्षण में ट्रूडो की लिबरल पार्टी को एक दूसरी पार्टी का समर्थन मिल गया था, जिस वजह से ट्रूडो ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया था। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मतभेद के कारण कुछ दिन पहले ही डिप्टी पीएम और वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने भी इस्तीफा दे दिया था। डिप्टी पीएम क्रिस्टिया फ्रीलैंड के इस्तीफे के बाद ट्रूडो का विरोध तेज हुआ। क्रिस्टिया ने उसी दिन इस्तीफा दिया, जिस दिन उन्हें बजट पेश करना था। उनके इस्तीफे के बाद अब कैबिनेट भी ट्रूडो पर इस्तीफे का दबाव बना रही है। लाइव टीवी पर कुछ कनाडाई लोगों ने कहा, प्रधानमंत्री ट्रूडो आपने कनाडा को बर्बाद कर दिया। आपके अंदर आपके पिता की ईमानदारी का एक कण भी नहीं है। आपके आसपास के लोग आपका साथ छोड़कर जा रहे हैं। अब आपके जाने का समय आ गया है।मीडिया भी ट्रूडो के इस्तीफे की मांग कर रही है। पत्रकार डैनियल बॉर्डमैन ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ट्रूडो अब तक की सबसे कमजोर स्थिति में हैं। एक दूसरे पत्रकार कीन बेक्सटे ने कहा, ट्रूडो का इस्तीफा देना कनाडा के हित में है।

गौरतलब है कि कनाडा सालों से विदेशी छात्रों के लिए लोकप्रिय मुकाम रहा है। ट्रूडो सरकार ने विदेशी छात्रों को दिए जाने वाले परमिट में भी कमी करती रही है। आने वाले सालों में स्टडी परमिट में 300,000 की कमी की जाएगी। अगले दो सालों में कनाडा सिर्फ करीब सवा चार लाख स्टडी परमिट देने वाला था।कनाडा के कॉलेजों में दाखिला लेने वाले हजारों विदेशी छात्रों को इस साल वीजा नहीं मिला है, जिसकी वजह से वे मौजूदा सेमेस्टर में पढ़ाई शुरू नहीं कर पाए हैं। परमिट में कटौती का असर कनाडा के शिक्षा संस्थानों पर तो पड़ेगा ही, अर्थव्यवस्था भी इससे प्रभावित हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई नीतियों का उद्देश्य स्थायी निवास नामांकन की संख्या में 25 प्रतिशत की कमी लाना तथा अध्ययन परमिट को सीमित करना रहा। यह बदलाव ऐसे वक्त में आया, जब पिछले कुछ सालों में देश में जनसंख्या में बढ़ गई है। पिछले साल कनाडा में जनसंख्या वृद्धि का लगभग 97 प्रतिशत हिस्सा अप्रवासन के कारण हुआ था। बता दें कि छात्र वकालत समूह नौजवान सपोर्ट नेटवर्क के प्रतिनिधियों ने कहा है कि इस वर्ष के अंत में जब उनके वर्क परमिट की अवधि समाप्त हो जाएगी, तो स्नातकों को निर्वासित किए जाने का खतरा होगा।इसके विरोध में कनाडा में भारतीय छात्र सड़क पर उतर आए और मुल्क की जस्टिन ट्रूडो सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सरकार द्वारा बनाई गई नई नीतियों के कारण भारतीय छात्रों को डर सता रहा है कि उन्हें देश से निकाला जा सकता है, जिसके चलते वे इस नीति के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। नई नीति के चलते अंतर्राष्ट्रीय छात्रों और ज्यादातर भारतीय छात्रों के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस नीति ने 70,000 से अधिक स्नातक छात्रों के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कनाडा के प्रिंस एडवर्ड आइलैंड प्रांत में भारतीय छात्रों ने तीन महीने से ज़्यादा समय तक विधानसभा के सामने डेरा जमाए रखा और अचानक नीतियों में हुए परिवर्तन का विरोध किया। इसी तरह ओंटारियो, मैनिटोबा और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांतों में भी इसी तरह के प्रदर्शन देखे गए।यदि ट्रूडो सरकार जाती है और कोई नई सरकार आती है जो छात्रों को ज्यादा राहत देती है तो कनाडा सरकार को भी फायदा होगा और भारत से कनाडा पढाई के लिए जाने वाले छात्रों को भी अवसर मिलेगा।

महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत





# संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति ने पावरग्रिड कार्यालय का निरीक्षण किया

चेन्नई/दक्षिण भारत। संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप–समिति ने सोमवार को पावरग्रिड चेन्नई कार्यालय का निरीक्षण पुडुचेरी में किया। इस अवसर पर समिति ने पावरग्रिड द्वारा किए गए कार्यों को उत्कृष्ट बताते हुए प्रमाण पत्र दिया। साथ ही राजभाषा कार्यान्वयन के लिए जरूरी सुझाव दिए। बैठक की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष भर्तृहरि महताब ने की। पावरग्रिड की राजभाषा गतिविधियों के संबंध में एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। बैठक में विद्युत मंत्रालय से मुख्य अभियंता (प्रभारी राजभाषा) धीरज कुमार श्रीवास्तव, सहायक निदेशक (राजभाषा) सुशील कुमार और पावरग्रिड की ओर से कार्यपालक निदेशक (राजभाषा) बिपिन किशोर मुंडू, मुख्य महाप्रबंधक (संपदा प्रबंधन) दक्षिण क्षेत्र–2 जी सीता रामाराव, वरिष्ठ महाप्रबंधक (चेन्नई) जी पॉल स्टीफेंसन और अन्य अधिकारी मौजूद थे।





प्रयागराज में सोमवार को तपोनिधि श्री आनंद अखाड़ा पंचायती के साधुओं ने महाकुंभ मेला 2025 के लिए प्रयागराज में संगम की ओर अपने औपचारिक प्रवेश को चिह्नित करते हुए 'छावनी प्रवेश' धार्मिक जुलूस में भाग लिया।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलिवन से बातचीत की

नई दिल्ली/भाषा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से बातचीत की और बाइडन प्रशासन के तहत पिछले चार साल में भारत–अमेरिका वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की व्यापक समीक्षा की।

सुलिवन अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने से दो सप्ताह पहले भारत की यात्रा पर हैं।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में जयशंकर ने भारत–अमेरिका साझेदारी को आगे बढ़ाने में सुलिवन के व्यक्तिगत योगदान के लिए उनकी सराहना की।

द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए शुरू किए गए सबसे महत्वपूर्ण कदमों से एक महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर भारत–अमेरिका पहल (आईसीईटी) थी।

आईसीईटी को मई 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बाइडन द्वारा महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

जयशंकर ने कहा, ''आज सुबह नई दिल्ली में अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन से मिलकर खुशी हुई। द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक सहयोग को गहरा करने पर हमारी चल रही चर्चा जारी रही। पिछले चार साल में हमारी बातचीत के खुलेपन की सराहना करता हूं। भारत–अमेरिका के बीच घनिष्ठ और मजबूत साझेदारी बनाने में उनके व्यक्तिगत योगदान के लिए उनकी सराहना करता हूं।''

सुलिवन आईसीईटी के तहत सहयोग में प्रगति के साथ–साथ द्विपक्षीय रक्षा जुड़ाव की समीक्षा के लिए अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के साथ भी व्यापक वार्ता करेंगे।

पिछले साल, दोनों पक्षों ने सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिजों, उन्नत दूरसंचार और रक्षा क्षेत्रों में भारत–अमेरिका सहयोग को गहरा बनाने के लिए कई परिवर्तनकारी पहल की शुरुआत की थी।

# ब्रह्मपुत्र पर बनने वाले बांध से भारत में पानी का प्रवाह प्रभावित नहीं होगा : चीन

बीजिंग/भाषा। चीन ने भारत की सीमा के पास तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की अपनी योजना को लेकर कहा कि प्रस्तावित परियोजना गहन वैज्ञानिक सत्यापन से गुजर चुकी है और नदी प्रवाह के निचले इलाकों में स्थित भारत और बांग्लादेश पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

लगभग 13.7 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत वाली यह परियोजना पारिस्थितिक रूप से नाजुक हिमालयी क्षेत्र में टेक्टोनिक प्लेट सीमा पर स्थित है, जहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं।

चीनी विदेश मंत्रालय के नए प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां प्रेस वार्ता में कहा, ''यारलुंग जांगबो नदी के निचले इलाकों में जलविद्युत परियोजना पर चीन ने अपना रुख साफ कर दिया है। मैं दोहराना चाहता हूं कि परियोजना के निर्माण का निर्णय गहन वैज्ञानिक मूल्यांकन के बाद लिया गया तथा इस परियोजना से पारिस्थितिकी पर्यावरण, भूवैज्ञानिक स्थितियों और प्रवाह के निचले देशों के जल संसाधनों से संबंधित अधिकारों और हितों पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा।''

भारत ने बांध पर अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। भारत की यात्रा पर आए अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलिवन के साथ भारतीय अधिकारियों की वार्ता में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी। इस बारे में पूछे जाने पर जियाकुन ने कहा कि यह कुछ हद तक आपदा की रोकथाम और जोखिम कम करने तथा जलवायु परिवर्तन से निपटने की दिशा में अनुकूल कदम होगा।

वर्तमान में दिल्ली के दौरे पर आए सुलिवन ने सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बातचीत की और जो बाइडन प्रशासन के तहत पिछले चार वर्षों में भारत–अमेरिका वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की व्यापक समीक्षा की। सुलिवन अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से दो सप्ताह पहले भारत की यात्रा पर हैं।

पिछले महीने, चीन ने तिब्बत में भारतीय सीमा के करीब ब्रह्मपुत्र नदी पर यारलुंग जांगबो नामक एक बांध बनाने की योजना को मंजूरी दी थी। योजना के अनुसार, विशाल बांध हिमालय की पहुंच में एक विशाल घाटी पर बनाया जाएगा, जहां से ब्रह्मपुत्र अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश में पहुंचती है।

प्रस्तावित बांध पर तीन जनवरी को अपनी पहली प्रतिक्रिया में, भारत ने चीन से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ब्रह्मपुत्र के प्रवाह वाले निचले इलाकों के हितों को ऊपरी इलाकों में होने वाली गतिविधियों से नुकसान न पहुंचे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दिल्ली में मीडिया से कहा, ''हम अपने हितों की रक्षा के लिए निगरानी जारी रखेंगे और आवश्यक कदम उठाएंगे।'' जायसवाल ने कहा, ''नदी के प्रवाह के निचले क्षेत्रों में जल के उपयोग का अधिकार रखने वाले देश के रूप में, हमने विशेषज्ञ स्तर के साथ–साथ कूटनीतिक माध्यम से, चीनी पक्ष के समक्ष उसके क्षेत्र में नदियों पर बड़ी परियोजनाओं के बारे में अपने विचार और चिंताएं लगातार व्यक्त की हैं।

# बच्चों के प्रति पुष्पा का प्यार और जिम्मेदारी बाकी सब चीजों से बढ़कर : करूणा पांडे

मुंबई/एजेंसी



सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा का किरदार निभाने वाली करुणा पांडे का कहना है कि पुष्पा के लिये उसके दिल में परिवार सबसे पहले है और बच्चों के प्रति उसका प्यार और जिम्मेदारी बाकी सब चीजों से बढ़कर है। सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल पुष्पा (करुणा पांडे) की प्रेरणादायक कहानी के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। हाल के एपिसोड में नए साल के जश्न के दौरान ड्रामा तब और बढ़ गया जब बापोदरा चॉल के मालिक बापोदरा (जयेश भरभरा) अप्रत्याशित रूप से प्रकट हुए और पुष्पा के पूर्व पति दिलीप (जयेश मोरे) को बेदखली का नोटिस थमा दिया। इससे पूरा परिवार सदमे और अविश्वास में आ गया। आगामी एपिसोड में तनाव बढ़ जाता है क्योंकि बापोदरा मांग करता है कि दिलीप चॉल खाली कर दे, जिससे परिवार मुश्किल स्थिति में आ जाता है। पुष्पा यह स्वीकार करती है कि दिलीप ने उसे चाहे जितना भी नुकसान पहुंचाया हो, वह अभी भी उसके बच्चों का पिता है, इसलिए वह उसके साथ मिलकर काम करने का फैसला करती है। वह दोनों चतुराई से एक योजना बनाते हैं ताकि चॉल में उनके स्थान को दोबारा हासिल किया जा सके। पुष्पा, दिलीप को अपने घर में जगह देती है और बापोदरा को चुनौती देते हुए कहती है कि 48 घंटों के भीतर दिलीप अपने घर में वापस आ जाएगा। जैसे–जैसे दिलीप और पुष्पा साथ काम करते हैं, बापोदरा की चिंता बढ़ती जाती है। हताश होकर वह घर बेचने का फैसला करता है, जिससे नाटकीय टकराव होता है। करुणा पांडे ने कहा,पुष्पा उस मुकाम पर है, जहां अतीत के घाव अभी भी ताजा हैं। अपने बच्चों के प्रति उसका प्यार और जिम्मेदारी बाकी सब चीजों से बढ़कर है। दिलीप ने उसे जो दर्द दिया है, उसके बावजूद वह जानती है कि वह उसे नहीं छोड़ सकती, क्योंकि उसके दिल में परिवार सबसे पहले है। वह सही के लिए लड़ेगी, चाहे वह कितना भी मुश्किल क्यों न हो। आने वाले एपिसोड में दिखाया जाएगा कि कैसे पुष्पा का अटूट संकल्प न्याय और परिवार के लिए चल रही इस लड़ाई में एक नए अध्याय की ओर ले जाता है। पुष्पा इम्पॉसिबल ,सोमवार से शनिवार रात 9:35 बजे सिर्फ़ सोनी सब पर प्रसारित होता है।




# फिल्म 'डाकू महाराज' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आने वाली फिल्म डाकू महाराज' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म 'डाकू महाराज' के ट्रेलर नंदमुरी का जबर्दस्त एक्शन प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है। तो वहीं इस फिल्म में बॉबी देओल को देखकर प्रशंसक काफी खुश और उत्साहित हैं। निर्माताओं ने ट्रेलर रिलीज कर प्रशंसकों की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है। बॉबी कोली निर्देशित डाकू महाराज में थमन का शानदार बैकग्राउंड स्कोर ट्रेलर के प्रभाव को बढ़ाता है, जबकि बर्फ से भरे जंगल सहित कई आश्चर्यजनक सीन इसकी सिनेमाई अपील को बढ़ाते हैं। बालकृष्ण के अलावा फिल्म डाकू महाराज में उर्वशी रौतेला,श्रद्धा श्रीनाथ, प्रज्ञा जायसवाल ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। नागा वामसी और साई सौजन्या निर्मित डाकू महाराज 12 जनवरी को रिलीज होने वाली है।

# कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' का नया ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फ़िल्म्स निर्मित, 'इमरजेंसी' की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना रनौत, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। कंगना रनौत ने कहा, यह कहानी केवल एक विवादास्पद नेता के बारे में नहीं है; यह आज भी प्रासंगिक विषयों में गहराई से जाती है।

फिल्म 'इमरजेंसी' में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन,श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कंगना ने इमरजेंसी में अभिनय करने के साथ ही फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी किया है।इमरजेंसी में अनुपम खेर जयप्रकाश नारायण,श्रेयस तलपड़े अटल बिहारी वाजपेयी, मिलिंद सोमन फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ,महिमा चौधरी पुपुल जयकर ,विशाक नायर संजय गांधी,और दिवंगत सतीश कौशिक जगजीवन राम के किरदार में नजर आयेंगे।

# प्रीति जिंटा उरुग्वे में मना रही छुट्टियां

मुंबई/एजेन्सी



अभिनेत्री प्रीति जिंटा वर्तमान में पति जीन गुडइनफ के साथ उरुग्वे में छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर शानदार छुट्टियों की कुछ झलकियां शेयर की हैं। प्रीति ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। पहली तस्वीर में वे अपने पति के साथ बीच पर पोज देते हुए दिख रही हैं। एक वीडियो क्लिप में प्रीति ने पुंटा डेल एस्टे के खूबसूरत नजारों को भी दिखाया। इसके बाद प्रीति ने कुछ फूलों और होटल में कुछ प्राचीन वस्तुओं और खाने की झलक शेयर की। आखिरी तस्वीर में दोनों एक रेस्तरां में बैठे हुए हैं, जबकि अभिनेत्री सेल्फी लेते नजर आ रही हैं।

अभिनेत्री ने कैप्शन में कुछ दिल और बुरी नजर वाले इमोजी डाले। उन्होंने बैकग्राउंड में निक जोनास का गाना 'दिस इज हेवन' डाला। बता दें कि साल 2016 में प्रीति ने जीन से शादी की थी। प्रीति 2021 में सरोगेसी के जरिए दो जुड़वां बच्चों की मां बनी। उनके लड़के का नाम जय और लड़की का नाम जिया है। अभिनेत्री ने 31 दिसंबर को पोस्ट कर बताया था कि उन्होंने पेरू की यात्रा के साथ नए साल का स्वागत किया।

प्रीति ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपने पति और करीबी लोगों के साथ अपने यादगार पलों को दिखाया। अभिनेत्री कैप्शन में लिखा था, जैसे–जैसे यह साल खत्म हो रहा है, मैं सोच रही थी कि हमने पेरू में नए साल का कैसे स्वागत किया, इंका ट्रेल पर पैदल यात्रा की और उन जगहों का दौरा किया, जहां मैं पहले कभी नहीं गई थी।

मैंने खुद से एक वादा भी किया था कि यह एक एक्शन से भरपूर साल होगा और यह निश्चित रूप से था! मैं सेट पर वापस आई और इतने लंबे समय के बाद एक फिल्म की शूटिंग की! यहां 2024 के पहले पांच महीनों की एक झलक है! पेरू से लॉस एंजिल्स से मुंबई से पंजाब तक अलविदा 2024। जानकारी के अनुसार, प्रीति जिंटा राजकुमार संतोषी की आगामी निर्देशित फिल्म लाहौर 1947 में सनी देओल के साथ नजर आएंगी।

# काजल अग्रवाल स्टारर 'कन्नप्पा' का फर्स्ट लुक आउट

मुंबई/एजेन्सी



काजल अग्रवाल की अपकमिंग तेलुगू पौराणिक ड्रामा 'कन्नप्पा' से उनका फर्स्ट लुक पोस्टर आउट हो चुका है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्टर को शेयर करते हुए उसे अपना ड्रीम रोल बताया। पोस्टर में काजल मां पार्वती के किरदार में नजर आईं। 'कनप्पा' के निर्माताओं ने सोमवार को सोशल मीडिया पर फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया और अभिनेत्री ने भी अपने प्रशंसकों को इस लुक से रूबरू कराया। पोस्टर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए काजल अग्रवाल ने लिखा, वाकई एक ड्रीम रोल! 2025 की शुरुआत करने की खुशी है कन्नप्पा, हर हर महादेव। माता पार्वती। काजल अग्रवाल की पोस्ट पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने कमेंट करते हुए लिखा, बहुत खूबसूरत। वहीं, पोस्टर में अभिनेत्री देवी पार्वती के रूप में खूबसूरत लग रही हैं। पोस्टर में अभिनेत्री ने सुनहरे बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहनी है। उनके लुक को सुनहरे नेकपीस के साथ मैचिंग इयररिंग्स, चूड़ियों और मांग–टीका के साथ पूरा किया गया है। उनके बाल खुले रखे गए और उनमें गुलाबी रंग का फूल लगा हुआ है।

'कन्नप्पा' के निर्देशक मुकेश कुमार सिंह हैं और निर्माण मोहन बाबू ने 24 फ्रेम्स फैक्ट्री के सहयोग से अपने बैनर एवीए एंटरटेनमेंट के तहत किया है। फिल्म में काजल अग्रवाल के साथ विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे, जबकि मोहन बाबू, आर. सरथकुमार, अर्पित रांका, कौशल मंडा, राहुल माधव, देवराज, मुकेश ऋषि, ब्रह्मानंदम, रघु बाबू, प्रीति मुखुंधन, मधु, मोहनलाल, प्रभास और अक्षय कुमार भी महत्वपूर्ण भूमिका में दिखेंगे। फिल्म में अक्षय कुमार कैमियो किरदार में नजर आएंगे। 'कन्नप्पा' अक्षय कुमार की पहली तेलुगू फिल्म है। स्टीफन देवसी ने फिल्म के लिए गाने और बैकग्राउंड स्कोर को तैयार किया है। 'कन्नप्पा' की शूटिंग देश के कई हिस्सों के साथ ही न्यूजीलैंड में भी की गई है। 'कन्नप्पा' इस साल 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# फिल्म 'लवयापा' का टाइटल ट्रैक रिलीज

मुंबई/एजेन्सी



फिल्म 'लवयापा' ने अपनी घोषणा के बाद से ही लोगों में काफी एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। यह फिल्म जुनैद खान और खुशी कपूर की पहली थिएटर रिलीज है। यह पहली बार है कि जब जुनैद रोमांटिक कॉमेडी में नजर आएंगे। फैंस इस नई जोड़ी की केमिस्ट्री देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। 'लवयापा' एक हल्की–फुल्की और मजेदार कहानी के साथ दर्शकों को कुछ नया दिखाने की कोशिश है। ऐसे में, अब मेकर्स ने फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है, जो इस साल का लव एंथम बन सकता है।

टाइटल ट्रैक पूरी तरह से एनर्जी से भरपूर है, जिसमें जोश भरे बीटस और ऐसे लिरिक्स हैं, जो युवाओं को खूब पसंद आ सकते हैं। गाने का कनेक्ट करने वाला अंदाज फिल्म की बड़ी अपील की ओर इशारा करता है। इससे साफ है कि 'लवयापा' युवा दर्शकों के बीच हिट साबित होगी और फिल्म की रिलीज को लेकर एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है।

प्यार के हर रंग को सेलिब्रेट करती 'लवयापा' हर उम्र के दर्शकों से जुड़ने का वादा करती है। यह फिल्म 2025 की सबसे रोमांचक सिनेमाई पेशकशों में से एक बनने के लिए तैयार है।

'लवयापा' 7 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के कर्नाटक मारवाडी यूथ फेडरेशन के सेवा कार्यों की श्रृंखला में केएमवाईएफ माइक्रो लैब्स एडवांस्ड फिजियो रिहैब एण्ड रिसर्च सेंटर के लॉंच से मानवसेवा कार्य में एक और कड़ी जुड़ गई।



# अंचल स्तरीय पीएमईजीपी प्रदर्शनी का आयोजन हुआ

## उद्घाटन केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने किया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। अंचल स्तरीय पीएमईजीपी प्रदर्शनी का आयोजन 4 जनवरी को यहां गांधी नगर स्थित फ्रीडम पार्क के पीपुल्स प्लाज़ा में हुआ। इसका उद्घाटन केंद्रीय एमएसएमई और श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने किया। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के आंचलिक कार्यालय (दक्षिण क्षेत्र) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार, सांसद पीसी मोहन, विधायक बयराती बसवराज भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत में एचएन शारदा देवी और वीएल कल्पना ने प्रार्थना की। केवीआईसी उप सीईओ (एसजेड) एल मदन कुमार रेड्डी ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद बयराती बसवराज और पीसी मोहन ने विशेष भाषण दिया। मनोज कुमार ने मुख्य उद्घाटन भाषण दिया। वहीं, शोभा करंदलाजे ने अध्यक्षीय भाषण दिया। केवीआईसी के राज्य निदेशक बसवराज ने आभार जताया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



# श्याम मंदिर के वार्षिकोत्सव पर आज निकलेगी विशाल निशान यात्रा

## श्याम मंदिर में आज बहेगी श्याम भजनों की रसधारा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय श्याम मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में बनरघट्टा रोड स्थित खाटू श्याम मन्दिर का बाहरवाँ वार्षिक उत्सव मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। श्याम मंदिर कमेटी व श्याम भक्तों में इस वार्षिकोत्सव को लेकर विशेष उत्साह है। वार्षिकोत्सव के मौके पर मंगलवार को सुबह 9 बजे से चंद्रप्रकाश रामसिसरिया गौशाला से मंदिर तक पैदल निशान यात्रा का आयोजन किया गया है। श्याम भक्त मंदिर पहुंचकर बाबा को



निशान अर्पण करेंगे। निशान यात्रा के बाद दोपहर 3 बजे से मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें कोलकाता के भजनगायक जयशंकर चौधरी व सौरभ शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगे। मंदिर के संस्थापक सदस्य रेवंतमल झँवर ने बताया कि इस बार का वार्षिकोत्सव खाटू धाम के प्रतापसिंह चौहान के सान्निध्य में मनाया जाएगा।

वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को मंदिर प्रांगण में संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया जिसमें जाने माने सुन्दरकांड वाचक अजय याज्ञनिक ने अपनी विशेष शैली में सुन्दरकांड का पाठ किया तथा भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में पुरुष व महिला श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर सुन्दरकांड पाठ का वाचन किया।



# सहयोग के लिए माइक्रो लैब्स के दिलीप सुराणा का किया सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ धर्मसंघ की प्रमुख संस्था जैन विश्व भारती संस्थान (मानद विश्वविद्यालय) के प्रतिनिधि मंडल द्वारा माइक्रो लैब्स द्वारा समय समय पर प्रदत्त सहयोग व सेवाओं के लिए कम्पनी के प्रमुख दिलीप सुराणा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर धर्म संघ के मूलचंद नाहर के जीवन गाथा पर आधारित पुस्तक 'मूल से यश शिखर तक' की एक प्रति भी सुराणा को भेंट की गई। इस अवसर पर जैन विश्व भारती (विश्वविद्यालय) के अध्यक्ष अमरचंद लूंकड, पंचमंडल सदस्य गौतमचंद सेठिया, महामंत्री सलिल लोढ़ा, कोषाध्यक्ष राजेश कोठारी, कार्यक्रम संयोजक धर्मचंद लुंकड, न्यासी छत्तरसिहं बैद आदि ने सुराणा का सम्मान किया। महामंत्री सलिल लोढ़ा ने गीत के माध्यम से सुराणा परिवार के मानवसेवा कार्यों को रेखांकित किया।

मानव हितकारी शिक्षण संस्था के अध्यक्ष मोहनलाल गादिया, मंत्री सुनील बाफना, कोषाध्यक्ष मुकेश नाहर, टीपीएफ के राष्ट्रीय समिति सदस्य संजय धारीवाल, तेरापंथ ट्रस्ट गांधीनगर के पूर्व अध्यक्ष गौतमचंद मूथा, पूर्व अध्यक्ष बद्रीलाल पितलिया, कर्नाटक जीवन विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष ललित आच्छा, वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र सिंघी, सुराणा संघ अध्यक्ष महीपाल सुराणा आदि उपस्थित थे। गौतमचंद सेठिया ने धन्यवाद दिया।

# साध्वीश्री सिद्धप्रभा के सान्निध्य में हनुमंतनगर में हुई अभिनव सामायिक


बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद हनुमंतनगर एवं तेयुप विजयनगर द्वारा अभिनव सामयिक फेस्टिवल का आयोजन आचार्यश्री महाश्रमणजी की शिष्या साध्वीश्री सिद्धप्रभा के सान्निध्य में हुआ। अभिनव सामायिक के कार्यक्रम में



अभातेयुप वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन मांडोत की अध्यक्षता में तेरापंथ सभा भवन हनुमंतनगर में हुआ। हनुमंतनगर परिषद के अध्यक्ष कमलेश झाबक एवं तेयुप विजयनगर के अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा ने सभी का स्वागत करते हुए नववर्ष पर अभिनव सामयिक फेस्टिवल उत्सव विश्व मैत्री के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी ने प्रवचन में कर्म निर्जरा के लिए सामयिक की महता के बारे में प्रेरणा देते हुए, सामायिक विधि की सम्यक जानकारी दी। साध्वी श्री आस्थाप्रभा जी ने अभिनव सामयिक का प्रयोग त्रिपदी वंदना विधि, जप का प्रयोग असिआउसा मंत्र का जाप, परमेष्टि वंदना का विधि वद प्रयोग उपस्थित श्रावक-श्राविका समाज को करवाया।







# दूसरों की सेवा करने के लिए एक बड़ा व उदार दिल होना जरुरी है : डॉ मंजूनाथ

## केएमवाईएफ माइक्रो लैब्स एडवांस्ड फिजियो रिहैब एवं रिसर्च सेंटर हुआ लांच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर की प्रसिद्ध संस्था कर्नाटक मारवाडी यूथ फेडरेशन के सेवा कार्यों की श्रृंखला में गत रविवार को केएमवाईएफ माइक्रो लैब्स एडवांस्ड फिजियो रिहैब एण्ड रिसर्च सेंटर का लॉंच किया गया। रिहैब केन्द्र का लॉंच मुख्य दानदाता माइक्रो लैब्स के चेयरमैन दिलीप सुराणा, मुख्य अतिथि बेंगलूरु ग्रामीण लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद पद्मश्री डॉ. सीएन मंजूनाथ, श्री शंकरा कैंसर फाउण्डेशन के प्रबंध न्यासी डॉ. बीएस श्रीनाथ एवं विशिष्ट अतिथि भगवान महावीर जैन हॉस्पिटल के अध्यक्ष मोहनलाल रांका ने प्रिंसेस गोल्फ सभागार में डिजिटल तरीके से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ फेडरेशन के पदाधिकारियों, प्रायोजकों एवं मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संस्था के पूर्व अध्यक्ष एफआर सिंघवी ने फेडरेशन द्वारा संचालित जयपुर पांव योजना, डायलेसिस योजना, शिक्षा योजना एवं डेंटल चिकित्सा वैन योजना आदि की जानकारी के साथ साथ प्रस्तावित एडवांस्ड रिहैब सेंटर का ऑडियो वीडियो प्रेजेन्टेशन दिया। इस अवसर पर निर्माणाधीन रिहैब सेंटर के दानदाता माइक्रो लैब्स के सुराणा परिवार, डीआर रांका परिवार, एफआर सिंघवी परिवार, अमित गुप्ता परिवार, रमेश सांखला परिवार, रतनदेवी-पारसमल मेहता परिवार का सम्मान मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सीएन मंजुनाथ ने अपने भाषण में कर्नाटक मारवाड़ी यूथ फेडरेशन के सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जीवन जीने के लिए शरीर में छोटे दिल की, लेकिन दूसरों की सेवा करने के लिए एक बड़े व उदार दिल होने की ज़रूरत होती है । उन्होंने कहा, बड़े दिल वाले ऐसे दानदाताओं के सहयोग के कारण ही इस सेन्टर का सपना पूरा होने जा रहा है। मुख्य अतिथि डॉ. बीएस श्रीनाथ ने फेडरेशन के मानव सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए फेडरेशन से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हर कोई किसी की मदद नहीं कर सकता पर हर कोई किसी न किसी की मदद कर सकता है। समारोह में उपस्थित दानदाताओं एवं मुख्य अतिथियों का सम्मान किया गया।

संस्था के अध्यक्ष रमेश सांखला ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कुशल पिरगल ने फेडरेशन के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक गुरु पुनवानी कम्पनी के संजय बैद, गोल्ड प्रायोजक अर्जुना ज्वेलर्स के देवीचंद बोहरा एवं सिल्वर प्रायोजक मार्गदर्शन इंन्फ्रास्ट्रक्चर्स के कमलेश डूंगरवाल का सम्मान किया गया। सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर मुम्बई के टीआरपी बैंड के गायक कलाकार रिया भट्टाचार्य, विवेक मिश्रा, तोरशा सरकार ने अपनी संगीतमय प्रस्तुति से उपस्थित जनों का मनोरंजन किया।

कलाकारों ने नए एवं पुराने गानों की प्रस्तुति से दर्शकों को बांधे रखा। संस्था के सचिव रणजीत मेहता ने धन्यवाद दिया।





# 'संयम, साधना, तप, आराधना गुणों के संगम थे गुरु राजेन्द्रसूरी'

## राजेन्द्र भवन में गुरुदेव राजेन्द्रसूरीश्वर का हुआ गुणगान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेन्द्रसूरी जैन श्वेताम्बर मंदिर मामुलपेट के तत्वावधान में आचार्यश्री राजेन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. की 198वीं जयंती व 118वीं पुण्यतिथि के मौके पर अभिधान कोष का विशेष वरघोड़ा व दादा गुरुदेव की गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया। मुनिश्री वैभवरत्नविजयजी म.सा. व साध्वीश्री प्रमोदयशाश्रीजी के सान्निध्य में मामुलपेट मंदिर के दादा गुरुदेव व अभिधान कोष का वरघोड़ा निकाला गया जो चिकपेट, बीवीके अय्यांगार रोड होते हुए किलारी रोड के गुरु राजेन्द्र भवन पहुंचा व धर्मसभा में परिवर्तित हो गया।



वरघोड़े में विभिन्न महिला, बालिका व पुरुष मंडल व संघ के सदस्य उपस्थित थे। राजेन्द्र भवन में लाभार्थियों व पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित व गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। एएमसी आहोर मुक्ति छाया ग्रुप द्वारा गुरुदेव के 36 गुणों की झांकी प्रस्तुत की गई। इस मौके पर मुनिश्री के मंगलाचरण से गुणानुवाद सभा का शुभारंभ हुआ। मुनिश्री वैभवरत्नविजयजी ने आचार्यश्रक्ष राजेन्द्रसूरीश्वरजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन चरित्र के बारे में बताया। मुनिश्री ने कहा कि गुरु राजेन्द्रसूरी संयम, साधना, तप, आराधना के संगम थे। राजेन्द्रसूरी ने ज्ञान की अपूर्व साधना करते हुए 63 वर्ष की उम्र में 41 लाख श्लोक वाले अभिधान राजेन्द्र कोष का निर्माण कर जिनशासन पर बहुत बड़ा उपकार किया है। गुरुदेव के पास शरीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक क्षमता थी जो कि उन्हें अन्य संतों से अलग बनाती थी। उनका जन्म विश्व कल्याण के लिए, साधना जगत हित के लिए और देवलोकगमन सिद्ध भगवानों की पराकाष्ठा की अनुभूति के लिए हुआ। मुनिश्री ने उपस्थित जनों से कहा कि हमारे जीवन में गुरुदेव राजेन्द्रसूरी के अपार उपकार है । आज हम उनके गुणगान के लिए एकत्रित हुए है। हमें अपने साधना व आत्मा के उत्थान के लिए गुरु भक्ति करना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि दो वर्ष बाद गुरुदेव की 200वीं जयंती आ रही है उसे हमें यादगार बनाना है। हमें गुरुदेव के बताए मार्ग पर चलते हुए अपनी आत्मा का कल्याण करते हुए ज्ञान की आराधना व तप की साधना व शासन की आराधना करना चाहिए। आत्मउद्धार के लिए देव-गुरु-धर्म पर श्रद्धा होना जरूरी है।

इस मौके पर संघ की ओर से दीक्षार्थी अर्पितकुमार प्रवीणकुमार शाह का सम्मान किया गया। अध्यक्ष धीरजकुमार भंडारी ने स्वागत किया। मंत्री मांगीलाल वेदमुथा ने कार्यक्रम की जानकारी दी। ट्रस्टी नेमीचन्द वेदमुथा ने संचालन किया। इस मौके पर तेजराज कुहाड़, तेजराज नागौरी, शांतिलाल गांधीमुथा, तिलोक भंडारी, मेघराज भंसाली, मांगीलाल दुर्गाणी, बाबूलाल सवाणी, चिकपेट संघ के अध्यक्ष गौतम सोलंकी आदि गुरु भक्त उपस्थित थे।

# महालक्ष्मी लेआउट चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मास घोषित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर महालक्ष्मी लेआउट में आचार्यश्री विजयप्रभाकरसूरीश्वरजी के साथ सौधर्मबृहद तपोगच्छीय त्रिस्तुतिक संघ के वर्तमान गच्छाधिपति आचार्यश्री हितेशचंद्रसूरीश्वरजी की आज्ञानुवर्ती साध्वीश्री संघवणश्रीजी व विनीतप्रज्ञाश्रीजी की शिष्या साध्वीश्री तत्वत्रयाश्रीजी, गोयमरत्नाश्रीजी व परमप्रज्ञाश्रीजी का वर्ष 2025 का आगामी चातुर्मास होगा। साधु साध्वियों के निवेदन के लिए संघ के पदाधिकारी, महिला मंडल सदस्य व भीनमाल संघ के सदस्यों ने गुरु दर्शन किए।



Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com